Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 20 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



उस रात को ही प्रभात समझो, जिस रात को तुम्हें आत्मोपलब्धि प्राप्त हो जाए।

Treat that night as day in which you realize yourself.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## साय सरकार का पहला जनदर्शन : जनदर्शन में देखने को मिली मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का राज्य की जनता को स्वच्छ, पारदर्शी, संवेदनशील एवं प्रभावी प्रशासन मुहैया कराने का संकल्प एक-एक कर अमल में दिखाई देने लगा है। सत्ता की बागड़ोर सम्भालने के बाद से ही शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की इच्छा आज जनदर्शन में पूरी होती दिखी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए नये सिरे से जनदर्शन कार्यक्रम की शुरूआत की है। जनदर्शन का यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 27 जून गुरूवार को आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के दूर-दराज से आए हजारों लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। बड़े ही अपनत्व भाव से उन्होंने आम जनमानस की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए।

आज 27 जून को मुख्यमंत्री जनदर्शन का पहला कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने आवेदनों और समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय से मिलने रायपुर स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। जनदर्शन का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित था, परन्तु कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसामान्य की मौजूदगी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने न सिर्फ जनदर्शन कार्यक्रम की निर्धारित समयावधि को बढ़ाया, बल्कि स्वयं कार्यक्रम में यह बात कही कि लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, यहां आए

### अनवरत पांच घंटे आम लोगों से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं

प्रत्येक व्यक्ति से वह मिलेंगे और उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुनेंगे। यही वजह है कि मुख्यमंत्री जनदर्शन का यह कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक अनवरत पांच घंटे चला। मुख्यमंत्री श्री साय इस दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी।

मुख्यमंत्री श्री साय का लोगों के प्रति अपनेपन का भाव एवं संवेदनशीलता ने जनमानस की शासन-प्रशासन से दूरी को मिटा दिया है। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक ओर जहां विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के समुचित इलाज और मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश देते दिखे, वहीं दिव्यांग और निशक्तजनों के बीच पहुंचकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनी, बल्कि उन्हें आवश्यक उपकरण, ट्राईसायकल आदि की सौगातें दी। मुख्यमंत्री इस दौरान उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इच्छुक युवाओं के लिए भी आवश्यक प्रबंध करने के लिए तत्परता से अधिकारियों को निर्देशित करते दिखे।

जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बताने को लेकर लोग काफी उत्साहित थे। भारी उमस और गर्मी के बावजूद भी जनदर्शन स्थल लोगों से खचाखच भरा था। मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी देने के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मुख्यमंत्री को आवेदन देने के बाद लोगों के मन में संतोष और चेहरे पर संतुष्टि का भाव देखने को मिला। जनदर्शन कार्यक्रम में डेढ़ हजार से अधिक लोगों ने मिलकर अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं के संबंध में आवेदन दिया, जिसमें ज्यादातर आवेदन राजस्व, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण कार्य एवं स्वेच्छानुदान से संबंधित थे। जनदर्शन में मिले सभी आवेदनों को पंजीबद्ध किया गया है और आवेदन देने वाले लोगों को टोकन भी दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने ब्रेन सर्जरी के लिए तत्काल स्वीकृत किए डेढ़ लाख रूपए - जनदर्शन कार्यक्रम में दिव्यांगों को श्रवण यंत्र, ट्राईसायकल, सर्टिफिकेट एवं अन्य आवश्यक मदद मौके पर ही मुहैया कराई गई। बीमारी से पीड़ित लोगों के त्वरित इलाज का भी प्रबंध किया गया। धमतरी निवासी श्री अमित सोनी के ब्रेन सर्जरी के लिए मुख्यमंत्री ने डेढ़ लाख रूपए की मंजूरी देने के साथ ही वर्षा चांदवानी के इलाज के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

## नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी : मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के उपरांत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति के अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा, जैसे मोदी जी जनादेश को नकारने की हरसंभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके खिलाफ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आंकड़े से दूर रखा। खड़गे ने कहा कि मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा बर्ताव कर रहे हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं, बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव मांगा था। उन्होंने कहा कि मैं राज्यसभा में अपने भाषण में विस्तृत प्रतिक्रिया दूंगा, पर प्रथम दृष्टया में कुछ बातें कहना चाहता हूं। नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी। पिछले 5 वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहा है। मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी।

## कश्मीर घाटी में वोटिंग के रिकॉर्ड टूटे, लोगों को सरकार की गारंटी पर विश्वास : राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति ने सभी निर्वाचित सांसदों को बधाई के साथ की। राष्ट्रपति ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं। उन्होंने कहा कि बीते 4 दशकों में हमने कश्मीर में बंद और हड़ताल के बीच कम मतदान का दौर भी देखा था। भारत के दुश्मन वैश्विक मंच पर इसको जम्मू कश्मीर की राय के तौर पर दुष्प्रचारित करते रहे हैं। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी में लोगों ने इसका करारा जवाब दिया है।उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। 6 दशक बाद ऐसा हुआ है। भारत के लोगों को यह पूर्ण विश्वास है कि उनकी आकांक्षाएं सिर्फ मेरी सरकार ही पूरा कर सकती है। इसलिए 2024 का यह चुनाव नीति, नियत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है। मजबूत और निर्णायक सरकार में विश्वास, सुशासन, स्थिरता और निरंतरता में विश्वास, ईमानदारी और कड़ी मेहनत में विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि में विश्वास, सरकार की गारंटी और डिलीवरी में विश्वास, विकसित भारत के संकल्प में विश्वास। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का जो मिशन चलाया है, यह उस पर मुहर है। राष्ट्रपति ने कहा कि 18वीं लोकसभा कई मायनों में एक ऐतिहासिक लोकसभा है। यह लोकसभा अमृत काल के शुरुआती वर्षों में गठित हुई है। यह लोकसभा देश के संविधान को अपनाने के 75वें वर्ष की भी साक्षी बनेगी।

आगामी सत्र में मेरी सरकार इस कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ही अनेक ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। रिफंड की गति अब और तेज की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भर में निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। राज्यों के विकास से देश का विकास हम इसी भावना से आगे बढ़ते रहेंगे।

राष्ट्रपति ने बताया कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। 10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है। वैश्विक महामारी का सामना करने के बावजूद भारत ने यह विकास दर हासिल की है। आज भारत अकेले ही विश्व के ग्रोथ में 15 फीसदी का योगदान दे रहा है। मेरी सरकार भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने में जुटी हुई है। इस लक्ष्य की प्राप्ति विकसित भारत की नींव को भी मजबूत करने का काम करेगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और कृषि को बराबर महत्व दे रही है। निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। चाहे सेमीकंडक्टर हो, सोलर हो, इलेक्ट्रिक व्हीकल हो, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, ग्रीन हाइड्रोजन हो या बैटरी हो, एयरक्राफ्ट कैरियर हो, या फाइटर जेट हो, भारत इन सब सेक्टर में अपना विस्तार कर रहा है। राष्ट्रपति ने बताया कि लॉजिस्टिक की लागत को कम करने के लिए भी सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार सर्विस सेक्टर को भी मजबूत करने में जुटी है। आज आईटी से लेकर टूरिज्म तक, हेल्थ से लेकर वैलनेस तक हर सेक्टर में भारत लीडर बन रहा है। इससे रोजगार और स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं।

## कृषि मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में इनोवेटिव ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग (AVCF) के माध्यम से ऐग्रीबिज़नेस पोटेंशियल को बढ़ाने के लिए विशेष राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन




- प्रभावशाली ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग के लिए सहयोगी डिजिटल प्रणालियों का विकास किया जाना चाहिए - कृषि सचिव
- ऐग्रिकल्चर फाइनेंसिंग के भविष्य पर चर्चा हेतु विशेषज्ञ और हितधारक हुए एकत्रित
- AVCF के लिए इनोवेटिव बैंकिंग उत्पादों के अन्वेषण हेतु एक कार्य समूह का गठन किया गया

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** कृषि वित्तीय श्रृंखला में कृषि वित्त के महत्व पर विचार करते हुए, कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ मनोज आहूजा ने प्रोडक्शन-केंद्रित दृष्टिकोण से मांग-प्रेरित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को समग्र रूप से विकसित करने और उन्हें वैश्विक बाजारों से एकीकृत करने के लिए, हमें अब उपलब्धि की कमी को सिर्फ पूरा करने के बजाय बाज़ार की मांगों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा। श्री आहूजा ने ृ्ष्ट विकास के लिए सहयोगी डिजिटल प्रणालियों को प्रभावी बनाने पर महत्व दिया और सभी हितधारकों के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र नीति कार्यक्रम की आवश्यकता को उजागर किया।

इसके अलावा श्री आहूजा ने तरलता और आर्थिक स्थिरता में सुधार के लिए बिल डिस्काउंटिंग, ब्रिज फाइनेंसिंग, और जोखिम संरक्षण जैसे वित्तीय उपकरणों, को प्रयोग में लाने की मांग की। इन उपकरणों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, सरल आवेदन प्रक्रियाओं और प्रशासनिक विघटनाओं को कम करना महत्वपूर्ण है, उन्होंने जोड़ा।

वित्त सचिव डॉ. विवेक जोशी, ने डिजिटल वित्तीय सेवाओं (DFS) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग में समय पर क्रेडिट प्रदान करते हैं, और कृषि क्रेडिट की उपलब्धता में वृद्धि लाते हैं। हमारा ध्यान इस पर है कि वैल्यू चेन के माध्यम से किसानों को समर्थन प्रदान करने के लिए समय पर क्रेडिट की सस्ती व सुलभ पहुंच सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा। उन्होंने एनबीएफसी, फिंटेक और स्टार्टअप्स के महत्व को भी दर्शाया, जो उच्च मूल्यवान कृषि बाजारों में विशेष वित्तीय उत्पादों और आखिरी मील तक क्रेडिट की पहुंच प्रदान करते हैं।

उपयुक्त है कि कृषि और किसान कल्याण विभाग ने नई दिल्ली में 27 जून 2024 को इनोवेटिव ऐग्री वैल्यू चेन फाइनेंसिंग क्रेडिट के माध्यम से भारतीय कृषि व्यापार के पोटेंशियल को बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में भारत सरकार और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और हितधारकों ने कृषि वित्तीय क्रेडिट के डायनामिक्स पर चर्चा की।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था जागरूकता बढ़ाना, सहयोग सुविधा प्रदान करना, समाधानों की खोज करना, और उद्यमियों को नवाचारी कृषि वित्त समाधानों से सशक्त बनाना। इस कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने अनुभव और दृष्टिकोण को साझा किया, जिससे चर्चा में गहराई और विचार का विस्तार हुआ।

कार्यशाला ने समूचे क्लस्टर-आधारित कृषि मूल्य श्रृंखला वित्तीय प्रणालियों के संभावनाओं को पहचाना, जिससे सहयोग और पर्यावरण में सुधार की ताकत मिली। इस आयोजन ने कृषि मूल्य श्रृंखला के अंतर्गत सभी वित्तीय उपकरणों तक का तर्कसंगत पहुंच बढ़ाने का मकसद रखा। वित्तीय मॉडल के प्रभावकारिता को बढ़ाने के लिए वर्तमान निधि प्रवाह और स्रोतों के महत्व को समझना, और खुद को संचालनीय कृषि वित्त मॉडलों के विकास में योगदान देना जरूरी माना गया।

इसमें उच्च स्तरीय स्ट्रैटेजिक चर्चाएं भी शामिल थी जिसमें प्रोफ़ेसर अशोक गुलाटी, जो ICRIER के विशिष्ट प्रोफ़ेसर हैं, मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कृषि में मांग-प्रेरित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने के महत्व को बताया व किसानों की आयों में सुधार के लिए, खाद्य श्रृंखला में पोषण के पहलू पर ध्यान देने की जरूरत और कृषि में जलवायु संवर्धन के विकास की आवश्यकता को भी दर्शाया।

प्रारम्भिक रूप से सम्मेलन का स्वागत करते हुए, कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव (क्रेडिट), अजीत कुमार साहू ने कृषि मूल्य श्रृंखला वित्तीय क्रेडिट (AVCF) के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता को हाइलाइट किया। उन्होंने यह भी बताया कि अनुमानित अनुपात के अनुसार कृषि मूल्य योग (GVA) 2030 तक 105 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचेगा, जिससे मूल्य श्रृंखला में वित्तीय प्रणाली की अहमियत बढ़ेगी।

नाबार्ड के चेयरमैन, श्री के.वी. शाजी, ने किसानों के वित्त पहुंच में सुधार की अत्यावश्यकता पर जोर दिया और एसएचजी और एफपीओ के लिए विश्वसनीय डेटा उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को उठाया, क्योंकि बैंकों के लिए यह डेटा अवगत निर्णय लेने और प्रभावी मूल्य श्रृंखला वित्त प्रदान करने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की प्रोत्साहना की, जिसमें कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, और मार्केटिंग को भी शामिल किया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता की शासन संरचना को मजबूत करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि ये एकीकृत मूल्य श्रृंखला वित्त प्रणालियों की ओर ले जाएंगे।

प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के बीमा और सीईओ, श्री रितेश चौहान, ने कृषि में वित्तीय संयंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रदर्शन प्रस्तुत किया। श्री चौहान ने सरकार के समग्र दृष्टिकोण को बताया, जिसमें कृषि मूल्य श्रृंखला वित्त में सम्पूर्ण जोखिम संरक्षण और वित्तीय समर्थन की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। उन्होंने सारथी, एड, किसान ऋण पोर्टल, और एग्रिस्टैक जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की महत्वपूर्णता को भी बताया, जिससे क्रेडिट की उपलब्धता को सुगम बनाया जा सके और कृषि में संवर्धन को मजबूती दी जा सके।

पैनल चर्चाओं में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जैसे कि क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण, नवाचारी वित्तीय योजनाओं, और किसान उत्पादक संगठनों को मूल्य श्रृंखला में शामिल करना। विभिन्न पृष्ठभूमियों से विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए, जिससे चर्चा को समृद्ध किया गया।

इस कार्यशाला ने क्लस्टर-आधारित कृषि मूल्य श्रृंखला के विभिन्न वित्तीय पहलुओं को समझकर, व उनके प्रभाव को बढ़ाने की क्षमता को हाइलाइट किया। इसने कृषि मूल्य श्रृंखला में अभिनवता और सहयोग के अवसरों की पहचान की जा सकती है।




# कलेक्टर एवं एसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व व पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

## जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु अधिकारियों को सतर्कता से कार्य करने दिए निर्देश





**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने जिले में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगगायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, सीएसपी दर्री श्री रविन्द्र कुमार, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, श्री अनुपम तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी धर्म, समाज, जाति को लेकर कोई घटना या विवाद की स्थिति बने तो इस पर पैनी नजर रखें। कलेक्टर ने जिले में घटित होने वाले छोटी-छोटी घटनाओं एवं कानून व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही नही बरतने एवं उस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी छोटी घटना बड़ा रूप न ले सके। कलेक्टर ने संवेदनशील मामलों सहित किसी भी प्रकार की धार्मिक मामलों में नजर रखकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक एवं अवैध गतिवधियों पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अवैध खनिज उत्खनन तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों को नजरअंदाज नही करके आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय बनाकर रखने तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सभी एक टीम के रूप में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे तभी समस्याओं का समाधान जल्दी होगा।

# महापौर ने किया वार्ड क्र. 27 गायत्री नगर का दौरा

### बस्तीवासियों से की भेंट, जानी समस्याएं



**कोरबा(विश्व परिवार)।** महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 27 गायत्री नगर बस्ती का दौरा किया। वहाँ के नागरिकों से भेंट की, पानी, बिजली, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली, बस्तीवासियों से चर्चा की तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 27 के गायत्री नगर मोहल्ले के लोगों के द्वारा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद से मिलकर अपने क्षेत्र का भ्रमण करने का आग्रह किया गया था. इस पर संज्ञान लेते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद में वहां के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी के साथ मिलकर अधिकारियों के साथ अलसुबह गायत्री नगर क्षेत्र का दौरा किया. वहां के लोगों ने बताया कि विगत कुछ दिनों से यहां पानी की कुछ समस्या बनी हुई है. कई लोगों के द्वारा अवैध टुल्लू पंप लगा दिए जाने से उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है तथा पानी का प्रेशर कम हो जाता है। इस पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वहां उपस्थित सहायक अभियंता राकेश मसीह और उप अभियंता रमेश सूर्यवंशी से तत्काल पानी सप्लाई को सुचारू रूप से बहाल करने के लिए निर्देशित किया, इस पर सहायक अभियंता राकेश मशीह ने बताया कि गायत्री नगर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति थोड़ा भिन्न है. यहाँ मानिकपुर की पोखरी खदान के ऊपर डंपिंग पर घर बने हुए हैं, पाइपलाइन तो बिछी है लेकिन काफी ऊंचाई होने की वजह से पानी का प्रेशर कम हो जाता है और अवैध टुल्लू पंप लगा दिए जाने के कारण पड़ोसियों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है.

# नवीन न्याय संहिता के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों के बारे में दी जा रही है जानकारी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** 01 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी देने जनपद पंचायत महासमुंद, बसना व बागबाहरा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक साथ ही अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, पुलिस और कानूनविदों की उपस्थिति में सरपंच और सचिवों को आईपीसी 1860, सीआरपीसी 1973 एवं एविडेंस एक्ट 1872 में किये गये संशोधन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय सजा अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीन नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। कार्यशाला में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों क्रिमिनल लॉ 01 जुलाई 2024 से अमल में आ जाएगा। लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधान के अमल पर रोक रहेगा। आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह बनाए गए तीनों नए कानून को 1 जुलाई 2024 से अमल में लाने के लिए नोटिफाई कर दिया है।

# दीवार पर विज्ञापन छापने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दीवार पर विज्ञापन छपवाने तथा सामान बेचने के नाम पर रायपुर निवासी एक व्यक्ति ने पाली निवासी को हजारों रूपयों का चुना लगा दिया और फरार हो गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलसरा चौकी चैतमा थाना पाली जिला कोरबा निवासी प्रार्थी रामभवन सिंह खुसरो पिता समेलाल खुसरो उम्र 40 वर्ष ने चौकी में लिखित आवेदन पेश किया कि दिनांक 21.02.2024 दिन 10:34 बजे पेंड्रारोड बस्तीबगरा रोड से कार में एक व्यक्ति आकर अपना नाम अमरजीत सिंह सलूजा निवासी रायपुर होना बताया जो घर के पास आकर मकान के दीवाल में नेहा एंड लव का विज्ञापन छापने से प्रति माह 6 हजार रूपये मिलेगा बोलकर नेहा एंड लव बेंचने हेतु 04 कार्टून नेहा एंड लव छोड़कर 26500 रूपये पेमेंट करने को कहा। जिसपर प्रार्थी ने उक्त व्यक्ति के कहने पर अपने से गूगल पे के माध्यम से अमरजीत सिंह सलूजा के मोबाईल नंबर में दिनांक 21.02.2024 को 26500 रूपये ट्रांसफर कर दिया था। प्रार्थी को बाद में पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है तथा आरोपी ने नेहा एंड लव का विज्ञापन दीवार में छपवाने के नाम पर पैसा ठग लिया है।

# सरकार के अवैध कमाई का जरिया बना आहाता : विनोद चंद्राकर

### आहातों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं, शराब प्रेमियों से हो रही वसूली



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सरकार शराब के माध्यम से राजस्व बढ़ाने आहाता पॉलिसी लेकर आई। लेकिन, इन आहतों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। अहातो में नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी गार्ड, पीने के लिए शुद्ध आरओ वाटर, खाने की व्यवस्था, कूलर, पंखा, आवश्यक पड़ने ए.सी., बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था तथा शौचालय, सफाई की विशेष ध्यान रखा जाना है। लेकिन, आहतों को उपरोक्त सुविधाओं के बिना आधे-अधूरे तैयारियों के साथ चलाया जा रहा है। सफाई के अभाव आहातो में गंदगी पसरी हुई है। मदिरा प्रेमियों को स्वच्छ जल नहीं मिलने पर यदि वे स्वयं अन्यत्र स्थान से पानी बॉटल ले जा रहे हैं, तो उन्हें फाइन वसूला जा रहा है। और फाइन देने से मना करने पर आहता संचालकों द्वारा लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने उतारू हो रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि असल में सरकार की नीयत शराब प्रेमियों को सुविधा देने की थी ही नहीं। सरकार की मंसूबे केवल आहातों के माध्यम से पैसा कमाना था। आहातों के आबंटन से सरकार को करोड़ों रूपए प्राप्त हुए। अब इन आहातों की निगरानी, देखरेख में सरकार की रूचि नहीं। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में नई-नई शराब दुकानें खोलकर तथा आहाता के माध्यम से कमाई का जरिया बनाने वाले भाजपा सरकार में भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता मौन हैं।

# सत्ता के लिए किसी हद तक जा सकती है कांग्रेस : लखनलाल साहू

## कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाया है : लखन लाल देवांगन




**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत के लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय आपातकाल की बरसी 25 जून के अवसर पर कोरबा भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू मुख्य वक्ता एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री लखनलाल साहू ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू-ब-रू कराते हुए 'आपातकाल का काला दिवस' मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से आम लोगों और नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए यह आयोजन किया गया है। श्री लखनलाल साहू ने आगे कहा कि सन 1975 में देश पर आपातकाल थोपकर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जिस प्रकार से लाखो निरपराध लोगों को जेल में डाला, न्यायपालिका और मीडिया के अधिकारों को नियंत्रित करने का काम किया, अपने विरोधियों को जेल में डालकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया, आज 50 साल बाद यह देश उस काला दिवस को न तो भूल पाया है और न कभी भूल पाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर। सत्ता हासिल करने और उस पर काबिज रहने के लिए, अपने राजनीतिक सत्ता-स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने हमेशा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर उसे तोड़ने का काम किया है। यह कांग्रेस का इतिहास रहा है कि 90 से अधिक बार राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का काम भी कांग्रेस ने किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया प्रतिनिधियों को नवीन न्याय संहिता से कराया गया परिचत

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** 1 जुलाई 2024 को नवीन न्याय संहिता लागू होने वाली है। जिसके संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सभी मीडिया प्रतिनिधि की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के पत्रकार बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एडिशनल एस.पी श्री संतोष महतो, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला अभियोजन अधिकारी श्री मनोज कुमार चतुर्वेदी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रदीप चंद्रकार व अन्य संबंधित अधिकारी ने अपनी उपस्थिति थे। इस अवसर पर एडिशनल एस.पी. श्री संतोष महतो द्वारा उपस्थित पत्रकार बंधुओं को बताया गया कि 01 जुलाई से नवीन न्याय संहिता के तहत इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की

### अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर जन चौपाल में ग्राम छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर से अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वृत्त-खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर में छापेमारी की गई जिसमे अचानकपुर में नाला किनारे हाथ भट्ठी से अवैध आसवित 68 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 13600, प्लास्टिक डिब्बे एवं बोरियो के भीतर शराब बनाने योग्य तैयार 960 कि.ग्रा महुआ कीमत लगभग 48000 एवं शराब बनाने के बर्तन आदि लावारिस हालत में बरामद होने से अज्ञात आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया। साथ ही ग्राम छोटे पंढर मुड़ा निवासी मालती पति त्रिभुवन राठिया के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने तथा कुल 4.2 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 840 का बिक्री करने के उद्देश्य से धारण करने पर 34 (1) ख के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बीस लीटर शराब के साथ एक आरोपी गिरफ़्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की दीपका थाना पुलिस ने अवैध शराब विक्रय के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 20 लीटर शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25.06.2024 को दीपका पुलिस ने केराकछार बढईपारा निवासी आरोपी श्यामसुंदर कंवर उर्फ़ बाबा पिता सीताराम कंवर उम्र 32 वर्ष को 20 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक 15 लीटर के डिब्बे भरा 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा एक सफेद रंग की 5 लीटर वाला प्लास्टिक के जरिकेन में भरा 5 लीटर करीब हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब तथा बिक्री रकम को जप्त किया गया है।

### पुलिस ने नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार को बताने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोपहर 2:30 बजे से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे) के द्वारा पीपीटी के माध्यम से नवीन क़ानून के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मीडिया से अनुरोध किया की नवीन क़ानूनो का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे ताकि जनमानस को इसके बारे में जानकारी हो जाये। ज्ञात हो कि 1 जुलाई से नये क़ानून लागू हो जाएँगे। इसलिए इसके बारे में जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है।

# संपादकीय

## आरक्षण रद्द बिहार सरकार को लगा तगड़ा झटका.....

पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है। यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था। अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था। अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर-बराबरी को मिटाना नहीं रहा। वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों क लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियों/समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा है। उनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं। इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है।

# विशेष लेख

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

**अजय दीक्षित**

विश्व में भारत का डंका बजा कर पिछले दस सालों में मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु बना दिया है । अनेक वर्षों से यू.एन.ओ. की पहल पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी ने कश्मीर में योग दिवस मनाया । टी.वी. पर जो चित्र दिखलाये जा रहे थे उनसे ज्ञात होता है कि योग करने वालों में इस्लाम धर्म को मानने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे । अनेक मुस्लिम देशों में अब योग को नियमित रूप से अपनाया जाने लगा है । यहां तक कि भारत का कट्टर विरोधी पाकिस्तान भी योग दिवस मनाता है । छ- दर्शनों में पतंजलि का योग दर्शन भी है । योगी कोई हिन्दू प्रणाली नहीं है । मोदी जी के अनुसार योग चित्त को स्थिर करता है और एकाग्रता लाने में मददगार होता है । शास्त्रों में कहा गया है कि योग विद्या नहीं अपितु विज्ञान है जो आधुनिक पैमाने पर खरा उतरता है । मोदी जी ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है । यह एकाग्रता लाने में सहायक है । योग मन की ताकत को बढ़ाता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि अब विश्व के कोने-कोने में योग की महत्ता लोग समझ गये हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ ने दस वर्ष पूर्व 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया था । अमरीका में तो अब योग शिक्षा के लिए नियमित क्लासें लगती हैं और वहां के स्त्री पुरुष रोज सुबह नियमित योग करते हैं । दस वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ में कुल 177 देशों के प्रस्ताव के साथ यह तय हुआ कि 21 जून को प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने निर्णयों से इस दिवस को अविस्मरणीय बना दिया है । उन्होंने अपने संबोधन में योग के साथ-साथ आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा पद्धति पर भी बात की । टी.वी. की खबरों के अनुसार सारे केन्द्रीय मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यालयों या लोकसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ योग किया । यह सुखद घटना है कि विपक्ष ने भी इस पर कोई राजनीति न करते हुए स्वयं में व योग में भाग लिया । प्रदेश जिला स्तर पर कलेक्टर और अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालय में योग किया । भारत में योग को फैलाने में स्वामी बाबा रामदेव का बड़ा हाथ है । इस बात को स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारा और सराहा था । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में एक योग आयोग बनाने की बात की है । इसके साथ ही आनंद विभाग और आयुष मंत्रालय को भी जोड़ा जायेगा । मध्य प्रदेश के विश्व विद्यालयों में योग को एक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा । योग से एक नई संचेतना आती है और इससे चित्त को एकाग्र करने की शक्ति मिलती है । इसलिए विद्यार्थियों के लिए तो योग एक प्रकार से संजीवनी है जिससे वे अपने विषय को और गहनता से और ग्रहण कर सकते हैं । इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने कहा कि योग से निरोगी काया प्राप्त होती है । आज विश्व में योग का महत्व लोग समझ गये हैं । आने वाले बरसों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत की और विद्याएं और कलाएं विश्व में फैलेंगी और पुन- विश्व में भारत का डंका बजेगा । भारतीय विद्या का महत्व तात्कालिक न होकर स्थाई होता है और भारतीय विद्या आध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति से जुड़ी है । इस ईश्वर को हम अलग-अलग नामों से जानते हैं परन्तु इसका प्रभाव स्थाई और चिरकालिक है । हम मात्र 21 जून को ही योग न करके इसे अपने जीवन का स्थाई भाव बनायें । दैनिक अजय भारत की ओर से सभी को शुभकामनाएं ।

# जैन दंपती ने गंगा तट पर नई पीढ़ी को लगाई विश्व की सर्वप्राचीन ब्राह्मी लिपि एवं प्राकृत भाषा की कार्यशाला

### ( डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन ने अपने जन्मदिवस को ब्रह्मी संरक्षण दिवस के रूप में मनाया)

बनारस सर्वविद्या की राजधानी है और काशी के गंगा नदी के सुप्रसिद्ध घाट अस्सी में आये दिन देश की संस्कृति,ज्ञान विज्ञान से संबंधित भव्य आयोजन होते रहते हैं । जैनधर्म के चार तीर्थंकरों की जन्मभूमि एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में ब्रह्मी लिपि सिखाने की मूल भावना सफल हुई और नेपाल, बंगाल, गुज़रात , विहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दक्षिण, मध्यप्रदेश आदि से आए पर्यटकों एवं बनारस के विभिन्न विद्यालय एवं विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, शिलालेखों को समझने के लिए विश्व की सबसे प्राचीन लिपि एवं सभी लिपियों की जननी ब्राह्मी लिपि एवं सर्वप्राचीन प्राकृत भाषा को मां गंगा के सानिध्य में अस्सी घाट पर उत्सुकता के साथ सीखा । पर्यटकों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति-भाषा-लिपि को सहज-सरल तरीके सी सिखाने के लिए और कार्यशाला के आयोजन की अत्यधिक प्रशंसा की । सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, जैनदर्शन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, भारतीय संस्कृति-भाषा एवं लिपि का संरक्षण-संवर्धन करने वाले , राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी जी, ब्राह्मी लिपि विशेषज्ञा , आदर्श महिला सम्मान से सम्मानित विदुषी डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन एवं नवीन संसद भवन में काशी का प्रतिनिधित्व करने वाली, जैनधर्म की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि विदुषी डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव (दिल्ली) ने भारतीय भाषा एवं लिपि की मूल भावना से जन-जन को जोड़ने के लिए प्राकृत भाषा, ब्राह्मी लिपि की सफल कार्यशाला का आयोजन किया । डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन ने अपने जन्मदिवस को तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से ब्राह्मी लिपि संरक्षण दिवस के रूप में मनाया । डॉ. जैन ने बताया कि जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ने राजा ऋषभदेव के रूप में प्रागैतिहासिक काल में सर्वप्रथम अयोध्या पर राज्य किया था और उन्होंने ही सर्वप्रथम सभी प्रजा जन को असि-मसि-कृषि-विद्या-वाणिज्य-शिल्प आदि छह कलाएं सिखाकर जीवन जीने की एवं निर्वहन करने की कला सिखाई थी और राजा ऋषभदेव ने सर्वप्रथम स्त्री शिक्षा का उद्घोष करते हुए अपनी पुत्री ब्राह्मी को लिपि विद्या एवं पुत्री सुंदरी को अंक (गणित) विद्या सिखाई थी । अंक विद्या का विकास आज गणित के रूप में है और अक्षर विद्या ब्राह्मी लिपि के नाम से प्रसिद्ध हुई और इसी लिपि से देवनागरी आदि सभी लिपियों का जन्म और विकास हुआ है । सर्वप्राचीन प्राकृत भाषा का महत्त्व एवं इससे कैसे भाषाओं का विकास हुआ, कैसे भारत का नाम राजा ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र चक्रवर्ती सम्राट भरत के नाम पर पड़ा और कैसे प्राचीन हाथीगुंफा शिलालेख में प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में लिखा हुआ भारत नाम प्राचीन विद्या सीखकर विद्यार्थी पढ़ सकते हैं ये सभी तथ्य सहज-सरल ढ़ंग से समझाएं गए । सभी विद्यार्थी ब्राह्मी लिपि में अपना नाम लिखकर एवं प्राकृत भाषा के विषय में समझकर प्रसन्न हुए । प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी ने प्राकृत भाषा के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि तीर्थंकर महावीर ने भाषाई क्रांति कर अपने उपदेश उस समय की जन भाषा प्राकृत में दिए इससे प्रत्येक मनुष्य में आत्मा से परमात्मा बनने का विश्वास पैदा हुआ । प्राचीन समय अनेक शास्त्रों की भाषा प्राकृत थी और कालिदास एवं अन्य प्राचीन कवियों ने संस्कृत में लिखे गए नाटकों में अधिकतर प्राकृत भाषा का प्रयोग किया । प्राकृत भाषा को जीवंत बनाए रखने के लिए नई पीढ़ी को इसे पढ़ना आवश्यक है ताकि वे सभी भाषाओं की जननी प्राकृत भाषा से रूबरू हो सकें , प्राकृत भाषा के वैभव को समझ सकें , प्राचीन शिलालेख और को पढ़ सकें और आगम ग्रंथों में लिखी जीवन मूल्यों की गाथाओं को पढ़कर जीवन जीने की कला सीख सकें । नई पीढ़ी ने विश्व की सर्वप्राचीन प्राकृत भाषा एवं सर्वप्राचीन ब्राह्मी लिपि को सीखकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया और कहा कि वो अब प्राचीन शिलालेख को पढ़कर अपना इतिहास समझ सकते हैं। युवाओं ने ब्राह्मी लिपि को रोज अभ्यास करने एवं इसका प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नैतिक शिक्षण शिविर में भी डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन ने अनेक बच्चों को ब्राह्मी लिपि सिखाई एवं गंगा तट ,अस्सी घाट पर प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि की तीन दिवसीय सफल कार्यशाला फिलहाल सम्पन्न हुई किन्तु जैन दंपति का संकल्प मज़बूत है और वे प्राचीन भाषा-लिपि को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समय-समय पर यह कार्यशाला लगाकर , इस मुहिम का क्रम जारी रखेंगे और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति - भाषा-लिपि से रूबरू करवाते रहेंगे। दिल्ली से आईं डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव ने तीन दिवसीय प्राकृत ब्राह्मी कार्यशाला का संयोजन किया एवं वे इस ज्ञान यज्ञ को करके अति गौरवांवित महसूस कर रहीं थीं । डॉ. इन्दु ने बताया कि जैन दंपती का पूरा जीवन भारत की मूल श्रमण संस्कृति-दर्शन-साहित्य, प्राकृत-अपभ्रंश-संस्कृत-हिन्दी भाषाओं एवं ब्राह्मी लिपि के निरंतर अध्ययन-अध्यापन, संरक्षण-संवर्धन के लिए समर्पित है और उनके समर्पित कार्यों के लिए जैन दंपती को भारत में अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है । प्राचीन प्राकृत भाषा, ब्राह्मी लिपि संरक्षण की इस मुहिम को मीडिया का बहुत सहयोग मिला तथा डॉ इन्दु ने बनारस के एवं अन्य समाचारपत्रों से जुड़े पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने सर्वप्राचीन भाषा एवं लिपि के प्रचार-प्रसार में सहयोग दिया । उन्होंने ने बताया कि मां गंगा के तट पर कार्यशाला के साथ ही भारत के विभिन्न शहरों में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन होता रहेगा और निश्चित ही भारतीय विश्व की सर्वप्राचीन एवं भारतीय संस्कृति की मूल भाषा एवं लिपि को सीखकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेंगे ।

बनारस के गंगा तट पर नई पीढ़ी ने सीखी सर्वप्राचीन प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि



ब्राह्मी लिपि प्रशिक्षिका - डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन ,प्राकृत भाषा प्रशिक्षक - प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी
कार्यशाला संयोजिका - डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव

# धरती का प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से

**प्रमोद भार्गव**

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी। गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पलय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है। इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रेत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मिंत वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्त्रइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंतण्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता



निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं। नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं। बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंतण्र जरूरी है।

# परीक्षा घोटालों के लिए कौन है जिम्मेवार ?

**डा. वरिंदर भाटिया**

प्रश्नपत्र टेस्ट सेंटर पर भेजे जाने से पहले एनक्रिप्टेड होते हैं। परीक्षार्थी के क्लिक करने पर ही वह खुलता है। परीक्षार्थियों के प्रश्नपत्र भी अलग-अलग होते हैं। इसके बावजूद हम चैन से नहीं बैठ सकते, क्योंकि गड़बड़ी करने वाले नए-नए तरीके तलाशते रहते हैं। धांधलीबाजों ने विदेशी संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं को भी नहीं बख्शा है। ऑनलाइन में जो घोटाला होता है, उसे बाद में पकडऩा मुश्किल है, क्योंकि बाद में सर्वर से डेटा हटा दिया जाता है। अगर गड़बड़ी करने वालों को पकड़ भी लिया, तो उसे साबित करना और कठिन होता है। पिछले कई वर्षों से शैक्षणिक-प्रशासनिक संस्थानों ने ऑनलाइन परीक्षा तो शुरू कर दी, लेकिन इसका जिम्मा निजी कंपनियों को दे दिया जाता है। क्या इनकी ईमानदारी पर शक किया जा सकता हैज् नीट परीक्षा को लेकर पूरे देश के शिक्षा जगत में जबरदस्त मायूसी की लहर देखने को आ रही है। इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा के आयोजन से जुड़ी अनेक अनियमितताएं विदित हो रही हैं। नीट परीक्षा एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) आयोजित कराती है। देश भर के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस यानी डॉक्टरी की व दांतों की डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए करीब एक लाख सीटें हैं। इनमें से करीब 40 हजार सीटें सरकारी कॉलेजों में हैं। 60 हजार के करीब सीटें प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में हैं। प्रवेश का खेल इन्हीं 40 हजार सीट्स के लिए होता है, क्योंकि प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में 5 साल के कोर्स के लिए एक से सवा करोड़ रुपए तक लगते हैं, जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई के लिए 5 साल में औसतन सिर्फ 5 लाख रुपए ही




लगते हैं। इस बार 5 मई को पूरे देश में नीट की परीक्षा आयोजित हुई थी। कुल 23 लाख 33 हजार 297 छात्रों ने परीक्षा दी थी। एग्जाम का रिजल्ट पहले 14 जून को आना था, मगर 10 दिन पहले 4 जून को घोषित कर दिया गया। इस बार रिजल्ट आया तो कई तरह की खामियां नजर आईं। धीरे-धीरे आवाज उठी तो यह पूरा एग्जाम ही दाल में काला नजर आने लगा। मीडिया पर उपलब्ध एक न्यूज रिपोर्ट बताती है कि गुजरात के एक नामवर जिले में पैसों के दम पर पूरा का पूरा सेंटर ही बिक गया था। एक स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर था। इस सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाया जा रहा था। यहां गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स तो थे ही, लेकिन यहां पर महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अब कोई छात्र अपने प्रदेश को छोडक़र गुजरात के इस सेंटर में जाकर परीक्षा क्यों देगा ? क्योंकि इस सेंटर पर बच्चों को पास कराने की पूरी सेटिंग हो चुकी थी। इन सारे बच्चों के माता-पिता से लाखों रुपए लिए गए थे। यहां इन छात्रों से कहा गया था कि उन्हें जितने सवाल आते हों, अपनी आंसर शीट में मार्क कर दें, बाकी सेंटर पर मौजूद लोग देख लेंगे, क्योंकि एक बार एग्जाम का वक्त खत्म होने से लेकर सारी कॉपियां पैक होकर भेजने तक में ढाई से तीन घंटे का वक्त लगता है। एग्जाम खत्म होने के सिर्फ आधे घंटे के भीतर कई सारे बड़े कोचिंग सेंटर सारे सवालों की आंसर की, यानी सही जवाब ऑनलाइन जारी कर देते हैं। इस सेंटर के कर्मचारियों को उन्हीं आंसर की की मदद से सारे छात्रों की ओएमआर शीट पर सही आंसर को सर्किल कर देना था। इस तरह से यह सारे छात्र पास हो जाते, लेकिन यह सब हो पाता, उससे पहले ही जिला प्रशासन को यह सूचना मिल गई। उन्होंने इस सेंटर को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद प्रशासन की देखरेख में फिर यह एग्जाम हुआ। अब जब एक सेंटर पर यह हो सकता है तो फिर देश के किसी भी सेंटर पर यह सेटिंग हो सकती है। गड़बडिय़ां तो कई सारे सेंटरों में हुई हैं, लेकिन बस कुछ गड़बडिय़ों का ही पता चल रहा है। हरियाणा के एक परीक्षा केंद्र का घटनाक्रम सोशल मीडिया पर हैरान करने वाला है। एग्जाम पेपर सरकारी बैंकों के पास होता है और एग्जाम वाले दिन वहीं से एग्जाम सेंटर पर पहुंचता है। ऐसे एग्जाम के दो अलग-अलग प्रश्न पत्र होते हैं। एक वो जो सभी छात्रों को मिलता है और दूसरा वो जो इमरजेंसी के लिए होता है। मगर, ऐसा नहीं हो सकता कि कहीं इमरजेंसी वाला प्रश्न पत्र इस्तेमाल हो और कहीं सामान्य वाला इस्तेमाल हो। इन प्रश्न पत्रों में सवाल आगे-पीछे होते हैं, लेकिन सारे सवाल एक जैसे ही होते हैं। सुनते हैं कि इस एग्जाम सेंटर पर सामान्य और इमरजेंसी दोनों प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए। यदि यह सच निकलता है तो किसकी जिम्मेवारी तय होती है? इस केंद्र पर खबरों के मुताबिक छात्रों को एग्जाम सॉल्व करने के लिए इमरजेंसी प्रश्नपत्र दे दिया गया, यानी देश के बाकी छात्रों के लिए नीट की परीक्षा देने के लिए सामान्य प्रश्न पत्र था और इस सेंटर पर उन्हें वह प्रश्न पत्र दिया गया जो इमरजेंसी के लिए था। जिन छह छात्रों को पूरे 720 मार्क्स मिले हैं, उन्होंने यही एग्जाम पेपर सॉल्व किया था। कहना ही होगा कि जैसे-जैसे परीक्षा के तरीके आधुनिक होते गए, तो शिक्षा माफिया से जुड़े कुछ लोग भी 'जहां चाह, वहां राह' बनाते गए। उनके जाल से कोई राज्य या परीक्षा बाहर नहीं रहती है। देश का शायद ही कोई राज्य होगा और शायद ही कोई परीक्षा होगी, जहां धांधली का ग्राफ ऊंचा ही ऊंचा उठता न गया हो। परीक्षाएं ऑनलाइन होने के बाद तो जैसे परीक्षा घोटालों में तेजी आई है और घोटालेबाज खुलेआम व्यवस्था को चुनौती देते नजर आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से श्री महावीर जी प्रबंधकारिणी कमेटी ने की भेंट, पैनोरमा बनाये जाने राज्य सरकार का जताया आभार




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा श्री महावीर जी में पैनोरमा बनाये जाने की घोषणा के क्रम में आभार जताने एवं पैनोरमा की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी देने के लिए गुरुवार को शासन सचिवालय में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से भेंट की। इस मौके पर कमेटी के शिष्ट मंडल ने गुलदस्ता भेट कर राज्य सरकार, पर्यटन विभाग एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री ने श्री महावीर जी ट्रस्ट द्वारा पर्यटन विभाग को पेनोरमा बनाने हेतु भूमि उपलब्ध करवाने के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए कमेटी पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शीघ्र ही बजट में इसकी घोषणा करने का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सदस्य सुधीर कासलीवाल, प्रशासनिक समन्वयक भारत भूषण जैन, आर्किटेक्ट आयूष कासलीवाल, तुषार सोगानी शामिल थे।

### डेंगू नियंत्रण दल द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा शहर के वार्डों में डेंगू नियंत्रण दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। नियंत्रण दल ने महाराणा प्रताप वार्ड, परपा पुलिस लाइन, जवाहर नगर वार्ड, लोकमान्य तिलक वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, गांधी नगर वार्ड, विजया वार्ड, भैरम देव वार्ड सहित अन्य वार्डों में अभियान चलाकर कुलर, टोकना, गमला, खाली बर्तनों, टायरों में भरे पानी की जांच कर पानी को हटाने की कार्यवाही की। साथ ही मच्छरमार दवाई का छिड़काव भी करवाया गया। नियन्त्रण दल ने जागरूकता के लिए बनाए पेंपलेट का भी वितरण किया।

### राज्यपाल हरिचंदन से छत्तीसगढ़ भारतीय शिक्षण मंडल के प्रतिनिधियों ने भेंट की

**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ भारतीय शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र लकपाले के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रोहिणी प्रसाद, डॉ. अंबर व्यास, डॉ. प्रशांत पाण्डे भी उपस्थित थे।

# मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज का 58वॉं जन्म दिवस विदिशा जिले में 5,800 पौधों को रोपित कर मनाया गया



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम साधक शिष्य गुणायतन एवं भावनायोग, शंकासमाधान के जनक मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज का 58 बां अवतरण दिवस संपूर्ण विदिशा जिले में पोधा रोपकर किया गया दयोदय महासंघ एवं विदिशा जिला जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया पौधरोपण की शुरुआत नगर के जैन महाविद्यालय, दयोदय गौ शाला, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, शीतलधाम, तथा विभिन्न स्कूल कब्रिस्तान, एवं नदी के किनारे तथा औधोगिक क्षेत्र के प्रागंण मंगलम् पेट्रो केमिकल्स, तथा विद्यासागर वी एड महाविद्यालय पर जैन गुरवर सेवासमिति, जैन मिलन, लायन्स क्लव, ई को फ्रेंड माधव उद्यान, जैन इंजीनियरिंग समूह, जैन शोसल समूह, विदिशा इन्टर नेशनल स्कूल, ओलमपंस हाई स्कूल, शांतिनिकेतन हाई स्कूल महिला जैन मिलन, शीतल महिला मंडल, अरिहंत विहार मंदिर समिति ने मंदिर प्रांगण में, मुनिराज सेवासमिति, वर्षाना हाई सेकैडरीस्कुल, सेंपियटस स्कूल, न्यू जैन हायरसेकंडरी, सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों नेआज पौधा रोपण किया प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अवसर पर विदिशा सेवा समिति ने जो कि गरीबों को प्रतिदिन भोजन कराती है उन्होंने मुनि श्री के अबतरण दिवस पर विशेष भोजन मिष्ठान वितरण कच्छी जैन भवन पर अतुलशाह के निर्देशन में कराया प्रवक्ता जैन ने बताया संपूर्ण विदिशा रायसेन जिले की तहसीलों में भी समाजसेवी पंकज जैन एवं गौशाला प्रवंधक आकाश जैन के प्रयास से सांची, गंजबासौदा, सिरोंज आदि स्थानों पर पौधे रोपण का कार्य किया गया है। आज तो शुरुआत है यह मानसून के साथ साथ अनवरत जारी रहेगा इस अवसर पर जब मुनि




श्री से इस बाबत प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि मानसून आ गया है आप लोग संगठित होकर सरकार और मीडिया के साथ मिलकर संपूर्ण भारत में वृक्षारोपण का कार्य करेंगे तो यह धरती के लिये बहुत बड़ा उपकार होगा। रहा सबाल मेरेअवतरण दिवस का तो मेरा अबतरण तो महावीर जयंति 1988 को पूज्य गुरूदेव के हाथों से हुआ था, आप लोग जिस अबतरण की बात कर रहे हो अगर बो होता तो आज में नहीं होता लेकिन विदिशा के भक्तों ने मिलकर पौधारोपण करने का जो संकल्प लिया है उसके लिये मेरा आशीर्वाद है। यदि समस्त भारत के युवा इस रुप में गुरूभक्ति का परिचय दैना चाहते हो तो में भी पर्यावरण की शुद्धि के लिये इस अबसर पर सभी को आशीर्वाद प्रदान करता हूं, यदि इसी निमित्त के चलते यदि आप लोग एक दूसरे को प्रेरित करते हुये 58000 क्या एक लाख वृक्ष भी पूरे भारत में लगाऐंगे तो उसके लिये मेरा आशीर्वाद है ।यह पूरे संसार को पर्यावरण के प्रति एक संदेश जाऐगा, आप सभी लोग संगठित होकर सरकार और मीडिया के साथ मिलकर के यदि ऐसा करेंगे तो यह धरती के लिये बहुत बड़ा उपकार होगा। **-अविनाश जैन**

# जीवन में सफल होना है तो सुनने सहने सुधरने की आदत डालिये जीवन में सकारात्मक सोच जरुरी : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद/हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** परिणामों का खेल प्रवचन माला की श्रृंखला में समूह को उद्बोधन करते हुए आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा की, लोगों के पास पैसा बहुत बढ गया है, भौतिक संसाधन बढे है फिर भी हर व्यक्ति बहुत दु:खी और परेशान है इसका मूल कारण है लोगों की सोच सही नहीं है हर समय हर व्यक्ति नकारात्मक सोच रहा है इसीलिए परेशान है। जीवन में सकारात्मक सोच बहुत आवश्यक है। बनाने की सोचिये बिगाड़ने की नहीं। बसाने की सोचिये उजाड़ने की नहीं। बनाना है समाज एवं देश को सुंदर। तो जोड़ने की सोचिये तोड़ने की नहीं।

आगापुरा दिगम्बर जैन मंदिर में परिणामों के खेल प्रवचन माला के तीसरे दिन अपार जन समुह को सम्बोधित करते हुए जैन धर्म के सर्वोत्कृष्ट तपस्वी, 557 दिन में मात्र 61 दिन आहार लेने वाले, अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा की चाय देर से गर्म होती है परंतु ठंडी जल्दी होती है लेकिन आदमी गर्म जल्दी होता है और ठंडा देर से होता है, अगर आपको जीवन में सफल होना है तो थोड़ी सुनने की, थोड़ी सहने की, थोड़ी सुधरने की आदत डालिये। इस अवसर पर उपाध्याय मुनि श्री 108 पीयूष सागर जी महाराज ने कहा की विभाव परिणीति में लिप्त रहने के कारण व्यक्ति पतन की और जा रहा है जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक सोच बहुत आवश्यक है।

प्रवर्तक मुनि श्री 108 डॉ. सहजसागर जी महाराज ने कहा की कषाय से अनुरंजित योग के परिणाम लेश्या कहलाते हैं। कषाय का अर्थ है क्रोध, मान, माया, लोभ और योग का अर्थ है मन, वचन, काय। जब कषाय और योग का संबंध हो। जाता है उनकी कनेक्टिविटी हो जाती है तो फिर लेश्या अर्थात व्यक्ति के परिणाम खराब हो जाते हैं और वह, चार आम के लिए, पूरे वृक्ष को काटने के लिए तैयार हो जाते हैं। कर्म के निमित्त से कषाय का उदय होने पर आप उस समय समता और शांति से रहे यानी वेट एंड वॉच। अपने योग को उसमें न लगाये, कोई गाली दे रहा है तो उसे देने दीजिए।

आप क्यों विचलित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ग तभी मिलेगा जब घर स्वर्ग होगा और घर तब स्वर्ग होगा जब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे से प्यार विनय सामंजस्य बनाकर रखेगा उन्होंने आगे कहा कि परिवार में सुबह उठते ही सभी लोगों को एक दूसरों के पैर छूना चाहिए फिर देखो आपका घर कितना सुंदर हो जाता है। मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज ने गोमटसार ग्रंथ से उदाहरण देते हुए कापोत लेश्या के बारे में जानकारी दी और कहां की यहां पर निकट भव्य ही आ सकते हैं। क्षुल्लक श्री 105 नैगम सागर जी महाराज ने काव्य पाठ किया और कहा जय जिनेंद्र बोलने से परिणाम सुंदर बनते हैं।

आज आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ने तरुण सागर जी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर उनको विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह हमारे संघ के सबसे वरिष्ठ सदस्य थे उन्होंने मात्र 11 वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया। वर्तमान में वह सबसे कम आयु में दीक्षा लेने वाले मुनि बने जिन्होंने जैन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विनोद बज, मंत्री राजेश पाटनी, कोषाध्यक्ष महेंद्र चांदुवाड, सहकोषाध्यक्ष संजीव कासलीवाल, सह मंत्री पंकज छाबड़ा, सत्येंद्र जैन, सुनील पहाडे, राजेश पहाडे, अनिल पहाडे, प्रदीप पहाडे, शांतिलाल झांझरी, प्रकाश झांझरी, मांतीलाल झांझरी, मनोज चौधरी, सुमित पांड्या एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं देश भर के अनेक कोने से पधारे हुए लोग उपस्थित थे।

मंत्री राजेश पाटनी ने कहा की 29-06-2024 से जो विशेष आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान, शिक्षण, संस्कार शिविर प्रारम्भ होने जा रहा है उसमे सम्मिलित होने के लिए लोग अपने फॉर्म 28-06-2024 शाम 04-00 बजे तक ऑफिस में जमा करा देवें।ऐसी जानकारी प्रचार प्रसार संयोजक नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद ने दी।

**-पियुष कासलीवाल, नरेंद्र अजमेरा**

# आज देश में जो भी प्रगति हुए हैं वह शिक्षा की बदौलत ही है : गौरीशंकर निर्मलकर



### शिशु मंदिर नवापारा में तिलक वंदन कर आरती उतारकर नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत किया गया

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** सरस्वती शिशु मंदिर नवापरा में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आरती उतार कर उनका मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने कहा कि कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए क्योंकि ये नन्हेटुमुन्हे बच्चे ही देश के उवल सुखी और समृद्धि भविष्य की नींव हैं शिक्षा के द्वारा ही हम अपने भाग्य को बदल सकते हैं और विभिन्न चुनौतियों का सामना करने की सामर्थ्य आती है आज देश में जो भी प्रगति हुए हैं वह शिक्षा की बदौलत ही है आदिम युग से हम आधुनिक युग में प्रवेश कर वैज्ञानिक आविष्कार के द्वारा चांद के दर पर जा पहुंचे हैं इसका एकमात्र कारण है शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है इसलिए आर्थिक अभाव में रहते हुए भी हर माता-पिता आज अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए तैयार हैं। सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित विद्या भारती द्वारा संचालित शिक्षण संस्था है जहां पढ़ाई के साथ ही शारीरिक मानसिक बौद्धिक नैतिक शिक्षा दी जाती है यहां के बच्चें विविध विधाओ में अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है और यहां से निकलकर आज हमारे बच्चें पूरे देश में अपने ज्ञान को बिखेर रहे उच्च पदों पर आसीन होकर। शिशु वाटिका प्रमूख वाल्मिकी धीवर ने कहा कि एक देशभक्त सेवाभावी सक्रिय कर्मठ और जागरूक नागरिक तैयार करना हमारी शिक्षण पद्धति का उद्देश्य है।

# पंचकल्याणक महोत्सव उपरांत पूर्ण भव्यता से सम्पन्न हुआ गजरथ महोत्सव





**जतारा ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य जतारा नगर गौरव श्रमणाचार्य श्रीत विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के श्री शांति विद्यानगर के नवीन जिनालय श्री शांतिनाथ जिनालय में चल रहे भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के सानंद समापन पर गजरथ महोत्सव संपन्न हुआ।

परम पूज्य विश्व वंदनीय संत आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज के अंतिम आशीर्वाद एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के प्रथम आशीर्वाद से श्री शांति विद्यानगर (न्यू कोर्ट कॉलोनी) में दिनांक 22 जून से 27 जून तक चल रहे भव्य पंचकल्याणक महा महोत्सव में प्रात: काल की बेला में ठीक 6:30 बजे भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव संपन्न किया गया तत्पश्चात समस्त विश्व की शांति की भावना हेतु हवन के माध्यम से आहुतियां दी गई और इसके बाद प्रारंभ हुआ भव्य रथोत्सव।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जतारा जैन समाज समिति उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि रथोत्सव में सबसे आगे परम पूज्य सौम्य सागर जी, निश्चल सागर जी एवं निरापद सागर जी महाराज चल रहे थे। रथ में सबसे ऊपर त्रिलोकी नाथ जिनेंद्र भगवान को विराजमान कराया गया, उसके बाद महा महोत्सव के महापात्र (भगवान के माता-पिता एवं मंदिर निर्माण करता )श्रीमति विजय इंजी. संतोष कुमार मोदी, सौधर्म इंद्र परिवार, धन कुबेर, महायज्ञ नायक, यज्ञ नायक परिवार को बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।शेष पात्रों को बग्घी में बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गजरथ के पीछे बग्घियां, ढोल, नगाड़े, डीजे, बैंड आदि के साथ संपूर्ण जैन समाज रिमझिम बारिश के साथ चल रही थी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रशासक एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, एसडीओपी अभिषेक गौतम, तहसीलदार कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, नगर अध्यक्ष अनुराग रामजी नायक, जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र जैन, संरक्षक इंजी. पवन मोदी, हरिश्चंद्र जैन, प्रकाश रोशन, रवि भोपाली, पदम व्या, विद्यासागर सेवादल, विमर्श जागृति मंच, विमर्श जागृति महिला मंच, अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद, भारतीय जैन संगठन सहित समस्त समितियों के समस्त सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गजरथ के साथ साथ चलते हुए पुण्यार्जन कर रहे थे।

**आज होगा भगवान शांतिनाथ का महा मस्तकाभिषेक :** समिति के मीडिया प्रभारी अशोक कुमार जैन ने बताया कि पाषाण से भगवान बने, शांति विद्यानगर के श्री शांतिनाथ जिनालय में, मूल नायक के रूप में विराजमान 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का आज प्रात: काल की बेला में भव्य महा मस्तकाभिषेक परम पूज्य मुनि संघ के सानिध्य में संपन्न किया जाएगा। **-अशोक जैन**

# कोर्ट में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारीज

**रायपुर ( आरएनएस )।** कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले की केस डायरी के मुताबिक सौम्या की पूरी संलिप्तता नजर आ रही है।

बता दें कि सौम्या चौरसिया ने कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दिया था। जिसपर गुरूवार शाम को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सौम्या चौरसिया के वकील ने अपना पक्ष रखते हुए अपनी दलील रखी और सौम्या की चार साल की बेटी का हवाला देते हुए कहा कि उसकी तबीयत ठीक नही रहती साथ की कोर्ट में बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की किंतु जज ने फैसला सुनाते हुए मामले में सौम्या चौरसिया की पूरी संलिप्तता बताते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया।

ज्ञात हो कि पिछली कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया को कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की ओर से एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने सौम्या हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल, केंद्रीय जांच एजेंसी प्रर्वतन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था।

# विश्व पर्यावरण दिवस : छत्तीसगढ़ महिला चेम्बर के तत्वाधान में श्री नारायणा हॉस्पिटल में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि कल 26 जून 2024 को महिला चेम्बर के तत्वाधान में तथा हॉर्टिकल्चर समिति के अध्यक्ष श्री मोहन वर्ल्यानी जी के सहयोग से विश्व पर्यावरण के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

महिला चेंबर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत कल 26 जून 2024 को नारायणा हॉस्पिटल में वृक्षारोपण किया गया। श्रीमती अरोरा ने आगे बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल हैं, जैसे-हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। श्रीमती अरोरा ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि दुनिया भर में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवों को जीवन जीने के लिए हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है, ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है और प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# खेल प्रतिभाओं को नेशनल एवं ओलम्पिक तक पहुँचाने में 'जीतो' सहयोग देगा : सुबोध चौधरी, जीतो संस्था, चेयरमेन




**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** विगत 15 एवं 16 जून को सम्पन्न दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा स्व.श्री निर्मलचंद्र जैन स्मृति में आयोजित इनडोर गेम्स का समापन एवं पुरुस्कार वितरण, कैलाश चन्द्र जैन की अध्यक्षता, सुबोध चौधरी, चेयरमैन जीतो के मुख्य अतिथि, संजीव चौधरी, विशिष्ट आतिथ्य एवं एड.राकेश जैन दादाभाई, प्रदीप जैन, महाकोशल विंध्य, अध्यक्ष के आतिथ्य में ष्ट मनोज जैन, संजय चौधरी, चेयरमैन, इनडोर गेम्स, राकेश चौधरी, महामंत्री पिसनहारी मढ़िया, शैलेशजैन आदिनाथ, संयोजक आदिनाथ समिति, संजय सिंघई डी एन जैन ट्रस्ट, अजित नायक संस्थापक संरक्षक प्रवीण सिंघई, सुधीर जैन लक्ष्मी, संजय सखी, प्रदीप मामा, आशीष पारस, पंकज सर्वोत्तम, प्रराग, मनीष, सनद, नीलेश, सन्देश मेन ग्रुप, अध्यक्ष, योगेश जैन, संस्कारधानी ग्रुप, अध्यक्ष अवकाश जैन, रांझीं ग्रुप, अध्यक्ष मनोज जैन की उपस्थिति में विजेताओं को पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र भेंट किये गए। ज्ञात हो कि नगर ग्रुप द्वारा इनडोर गेम्स अंतर्गत, टेबिल टेनिस, चेस, कैरम, बैडमिंटन प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई, इसमें 114 खिलाड़ीयों की एंट्री आई एवं 85 प्रतिभागियों के मध्य जिसमे हर आयु वर्ग( 15 वर्ष से 70 वर्ष तक) पुरुष महिलाएं बच्चे एवं बच्चियों की सह भागीदारी से भव्य / शानदार तरीके से पं.रविशंकर शुक्ल स्टेडियम, राइट टाऊन के पूर्ण सज्जित वातानुकूलित हाल में सम्पन्न की गई थीं नगर ग्रुप के इस अनूठे कार्यक्रम का प्रायोजन एड.राकेश जैन ने अपने पिता श्री स्व.निर्मलचन्द्र जैन पूर्व राज्यपाल, राजस्थान की स्मृति में किया साधना मनोज जैन, रीतू रविजजैन, आभा अरविंद जैन, नीलमणी अजित नायक, रीटा प्रफुल्ल, अजय जैन, श्रेयांस, पराग जैन, एवं साधना भाभी द्वारा मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्वलन मंच पर बैठे समस्त अतिथियों व नगर ग्रुप अध्यक्ष व चेयरमैन इनडोर गेम्स द्वारा किया गया।नगर ग्रुप अध्यक्ष मनोज जैन CA द्वारा संस्था का परिचय, स्वागत भाषण दिया एवं सम्पन्न इनडोर गेम्स के विषय में प्रकाश डालते हुए खेल सामग्री प्रदाता सनद जैन के का अभिनन्दन चैयरमेन संजय चौधरी द्वारा किया गया।

**पुरस्कार वितरण-** ततपश्चात चारों वर्ग की महिला पुरुष प्रतियोगिता के 85 प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरण सुखद व आंनद पूर्ण वातावरण में अतिथियों द्वारा करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए गए।कार्यक्रम का सफल संचालन नेहा नीतेश जैन द्वारा किया गया एवं आभार व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा, सचिव राविज़ द्वारा की गई। **-संजय जैन चौधरी**

## संक्षिप्त समाचार

### फैक्ट्री के मशीन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** लालबाग थाना पुलिस ने कुतुलबोड़ भांटागांव में प्लाईवुड फैक्ट्री में मशीन चोरी करने वाले तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी की गई मशीन को एक कबाड़ के दुकान से जब्त किया है जहां आरोपियों ने चोरी के बाद बेच दी थी। मिली जनकारी के अनुसार दिनांक 25.06.2024 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कुतुलबोड़ भांटागांव में प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले 03 कर्मचारी के द्वारा फैक्ट्री से बाट मशीन किमती 70000 रू को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर आरोपीयों को हिरासत में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गये बाट मशीन को ममता नगर रोड रफीक कबाड़ी दुकान में बेचना बताया। जिसे पुलिस ने कबाड़ी दुकान से बरामद कर जप्त कर लिया। मामले में पुलिस ने महेन्द्र कुमार तारम पिता श्री इतवारी तारम उम्र 27 वर्ष निवासी कुतुलबोड़ भांठागांव थाना लालबाग, ईश्वरी ठाकुर पिता बुधराम ठाकुर उम्र 44 वर्ष निवासी चेन्दीबन नवांगांव थाना पिनकापारा तथा मोहम्मद रफी उर्फ मो0 रफीक खान पिता मोहम्मद फारूख खान उम्र 44 वर्ष निवासी शंकरपुर स्टेशन पारा राजनांदगांव को गिरफ्तार किया है तथा बुधवार को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा है।

### बकरा चोरी के मामले में तीन नाबालिग सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** करीब एक माह पूर्व खेत से बकरा चोरी करने के मामले में दर्ज शिकायत पर थाना लालबाग पुलिस ने बकरा चोरी करने वाले तीन नाबालिग एवं एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 30.05.2024 को एक व्यक्ति ने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि रोज की तरह खेत में बकरा चराने गया था इसी दौरान दोपहर में 3-4 अज्ञात व्यक्ति तीन पहिया वाहन में आकर 1 नग बकरा व 1 नग बकरी को चोरी कर ले गये है। मामले की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया। तथा जरिये मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर ग्राम पेण्ड्री निवासी शिवा राम साहू उर्फ शिवा पिता स्व. मनसुख लाल साहू उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नं. 20 आबादी पारा पेड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छग को हिरासत में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गये 02 नग बकरा- बकरी प्रयुक्त वहाँ तीन पहिया ऑटो को पेश करने पर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी शिवा राम साहू द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 26.06.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी एवं जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के किसी भी शिक्षण संस्थान के आस-पास किसी भी तरीके से नशे से संबंधित कारोबार नहीं चलना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के आस-पास नशे के सामान विक्रय किए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थान के आस-पास के क्षेत्र को कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नशे वाली दवाईयों की अधिक मात्रा में विक्रय करने वाले दवाई दुकानों की जांच करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने इसकी रिपोर्टिंग प्रत्येक माह करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत बहुत अच्छा कार्य किया गया है। इसके लिए उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस कार्य के लिए पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की प्रशंसा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों में बाल विवाह रोका गया है।

# बच्चे खूब पढ़े-आगे बढ़े, देश-प्रदेश जिले के विकास में अपना दें योगदान- किरण देव

#### स्थानीय बोलियों को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए हल्बी, भतरी, गोंडी में कक्षा पहली एवं दूसरी की अध्ययन सामग्री तैयार - कलेक्टर



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत बुधवार को जिले के सभी स्कूलों का शिक्षा सत्र प्रारंभ हुआ, जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जगदलपुर विकासखंड के ग्राम साड़गुड़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जगदलपुर विधायक किरण देव की मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चे खूब पढ़े, आगे बढ़े, सुशिक्षित बनकर नौकरी या अच्छा व्यवसाय करें और देश-प्रदेश, जिले के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सरकार की प्राथमिकता वाले विषय है। इन पर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, इनका लाभ लें। कार्यक्रम में श्री देव ने साड़गुड़ स्कूल परिसर में सायकल स्टैंड बनाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पहार, स्कूल बैग और किताबें देकर स्वागत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर 2024-25 का विमोचन और परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा देने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन इत्यादि के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता और पालकों से प्रत्येक बच्चे को स्कूल अवश्य भेजने का आग्रह किया। वहीं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने गांव-क्षेत्र का नाम रौशन करने की समझाइश दी। कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के नए शिक्षा सत्र का पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने पहली बार स्कूल आने वाले नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर किया स्वागत

#### कलेक्टर शासकीय प्राथमिक शाला सुखरी, अमलीडीह और डोंगरगांव के शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल आज शासकीय प्राथमिक शाला सुखरी, पीएम शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह और शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने पहली बार स्कूल आने वाले नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को नये शिक्षा सत्र की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढने एवं अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करने कहा। उन्होंने बच्चों से कहा कि स्कूल में खेलना भी है, पढना भी है और अन्य गतिविधियों में शामिल भी होना है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अच्छे से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करेंगे तो बच्चों का भविष्य बनेगा। उन्होंने शिक्षकों को अच्छी मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाने कहा। कलेक्टर ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव में शामिल स्कूल समिति के सदस्यों एवं पालकों को अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने कहा। इसके साथ ही सभी पालकों को स्कूल की गतिविधियों में शामिल होने भी कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने पीएम शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह में साफ-सफाई देखकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में आने से अच्छी अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित होने पर पढ़ाई में मन लगता है। उन्होंने स्कूल परिसर में फलदार पौधे लगाने के लिए कहा। जिससे वातावरण अच्छा रहेगा। कलेक्टर अग्रवाल के स्कूल आने पर नन्हे बच्चों ने बहुत अच्छा बैंण्ड बजाकर दिखाया। इसकी उन्होंने बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, एबीओ रश्मि ठाकुर, शिक्षक, शाला विकास समिति के सदस्य, पालकगण उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल बरमकेला में हर्षोल्लास से हुआ शाला प्रवेशोत्सव

#### नेवता भोज के साथ प्रारंभ हुआ बच्चों का स्कूल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायक, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार नायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस.एन.भगत, सीएमओ अनिल सोनवानी, पार्षद सहित पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नन्हे-मुन्ने बच्चों विद्यार्थियों को आरती उतारकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना, उनकी आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें नए सत्र में सफलता की कामना करना होता है। यह उत्सव छात्रों के बीच एक मेलजोल वातावरण है। हमारे जीवन का यादगार पलों में से एक यह भी है कि दो माह की छुट्टी के बाद बच्चों को विद्यालय में आने की उत्सुकता देखी गई। इस शाला प्रवेश उत्सव में अतिथियों द्वारा किताब , सायकल का भी वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों को नेवता भोज के तहत खाना खिलाया गया जिसमें विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह देखा गया वही पालक अपने बच्चों को स्कूल शाला प्रवेश उत्सव के दौरान छोड़ने के लिए आए हुए थे जिससे स्कूल के वातावरण एवं वहां के शिक्षकों को देखकर उत्साहित नजर आए। एस.एन.भगत जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भाग्य नहीं कड़ी मेहनत पक्का इरादा सफलता की कुंजी होती है।परीक्षा में सफल होने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर , समय प्रबंधन के साथ-साथ सही दिशा में मेहनत की आवश्यकता होती है।

## बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर किताबें देकर स्कूलों में किया गया स्वागत

#### मुस्कुराते, खिलखिलाते बच्चे पहुंचे स्कूल

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले में आज शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चे मुस्कुराते, खिलाखिलाते हुए स्कूल पहुंचे और मौके पर उपस्थित गुरूजनों, गणमान्य नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। धमतरी विकासखण्ड के कण्डेल स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू सहित अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना की और विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जल जगार उत्सव संबंधी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कण्डेल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री साहू ने वृक्षारोपण भी किया। जिले के सभी विकासखण्ड़ों के नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत मुंह मीठा कराकर, गुलाल लगाकर, गिफ्ट और पुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न उत्कृष्ट योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बच्चों व शिक्षकों को जीवन में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने व शिक्षा जगत को और आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया।

## सुदूर ग्राम छिंदनार की ग्राम सभा में शामिल हुए कलेक्टर

#### इमली के पेड़ तले कलेक्टर ने लगाई चौपाल कहा प्रशासन सुदूर ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा गीदम ब्लॉक के सुदूर ग्राम छिंदनार में आयोजित ग्राम सभा में शिरकत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों से भूमि पर बैठकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें बच्चों को शाला भेजने में पालकों की भी सहभागिता होनी चाहिए, शालाओं में अब बदलाव लाया जा रहा है और बच्चों की पढ़ाई स्तर को सुधारने के लिए समय-समय पर अब आकलन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित शिक्षकों उन्होंने विनोबा अप डाउनलोड करने के बारे में भी पूछा और इसकी उपयोगिता समझाई। उन्होंने पालक से यह भी कहा कि बच्चों के स्कूल जाने के क्रम को ना तोड़े, इससे बच्चों की मानसिकता में गलत प्रभाव होता है। इसके साथ उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पपीता, मूनगा और कटहल के पेड़ लगाने के लिए भी कहा। ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि नया करने के इच्छुक ग्रामीणों के लिए कृषि क्षेत्र में तारबाड़ी और बोरखनन के लिए प्रशासन पूरा खर्च वहन करेगा। इसके साथ उन्होंने युवाओं के लिए ड्राइविंग सिखाने तथा सोलर पैनल रिपेयर सीखने के लिए भी कहा, ताकि उन्हें गांव के अंदर ही स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा सके। अंत में उन्होंने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्राम सभा में जो भी चर्चा होती है उसकी कार्य योजना के बारे में प्रशासन को जरूर अवगत कराए। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम मुचनार में ही नए राहत शिविर केंद्र को भी देखा और ग्रामीणों से कहा कि इस राहत शिविर केंद्र में स्थानीय ग्रामीणों के रुकने की निःशुल्क व्यवस्था तथा यहां आने वाले पर्यटकों के लिए के रुकने के लिए सशुल्क व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि भवन की उचित देखरेख हो। इसके अलावा कलेक्टर ने बारसूर पहुंचकर वहां अधूरे और विलंब से बना रहे इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य के लिए भी नाराजगी जताई और अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसियों को निर्देश किया कि तय समय सीमा में इस कार्य को पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर श्री चतुर्वेदी यहां नए बने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल को भी देखा और टीचरों को निर्देश किया कि शाला प्रांगण में बागवानी अवश्य करें ।

# जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में करेंगे रामलला का दर्शन

#### श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए किया गया रवाना







**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर कांत कोर्राम ने आज सुबह संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया, जहां दोपहर में श्रद्धालुजन स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। उप संचालक देवेन्द्र कौशिक ने श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप संचालक देवेन्द्र कौशिक ने बताया कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में निःशुल्क रामलला के दर्शन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को दुर्ग स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा, जहां उन्हें भोजन, नाश्ता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 2 अनुरक्षक शासकीय कर्मचारियों को साथ भेजा जा रहा है। अयोध्या धाम की यात्रा के निकले ग्राम बघेरा निवासी खेमचंद गोड़ ने कहा कि धन्य है हमारी किस्मत की रामलला दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने योजना निकाली है। जिससे मैं अयोध्या धाम रामलला दर्शन के लिए जा रहा हूं। खेमचंद ने बताया कि वे खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम जाने की बहुत इच्छा थी लेकिन रूपए ज्यादा लगने के कारण जाना संभव नहीं हो पाया था, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आज हमें अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है। आज अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सहसपुर निवासी संतोष कुमार साहू एवं ग्राम जारवाही निवासी मयाराम गोड़ ने रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम जाने का मौका मिलने पर बहुत खुशी जाहिर की।

## व्यापार समाचार

### रेलवे का बड़ा फैसला, सफर के दौरान अब यात्रियों को मिलेगी ये खास सुविधा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय रेलवे ने सफर के दौरान यात्रियों को आसानी से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए 61 स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इसका मकसद 'करोड़ों यात्रियों को इमरजेंसी के दौरान रेलवे स्टेशन पर सस्ती कीमत पर दवाएं मिल सके' है। पिछले कुछ महीनों में 50 स्थानों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र सफलतापूर्वक कार्य शुरू कर चुके हैं। इन 50 केंद्रों में पूर्व मध्य रेलवे में पटना जंक्शन, दरभंगा और पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं। अब इस पहल की सफलता और लोगों के उत्साह को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 61 अन्य स्थानों पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र के स्टॉल खोलने का निर्णय लिया है। इनमें बिहार के आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, छपरा एवं भागलपुर स्टेशन शामिल हैं। जहां प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इन स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के स्टॉल खोलने के इच्छुक लोगों से निविदा आमंत्रित किए जा चुके हैं। चयनित निविदाकर्ता को अगस्त के पहले सप्ताह तक आउटलेट का निर्माण पूरा करते हुए सौंप दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि लोगों को सस्ती कीमतों पर दवाइयां भी मिलेगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का उद्देश्य सभी लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। जिससे स्वास्थ्य देखभाल में जेब से होने वाले खर्चे को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के तहत विभिन्न उत्पादों में 1963 दवाइयां और 293 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जो सभी प्रमुख चिकित्सीय समूहों जैसे कार्डियोवैस्कुलर, एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक्स, एंटी-इंफेक्टिव्स, एंटी-एलर्जिक, गैस्ट्रो-आंत्र संबंधी दवाइयां, न्यूट्रास्युटिकल्स आदि को कवर करते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में कई आयुर्वेदिक उत्पादों को भी शामिल किया गया है और यह लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर आसानी से उपलब्ध हैं।

### शादियों का बाजार अब 130 अरब डॉलर के पार, जानिए शादी पर कितना खर्च करते है भारतीय

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय शादियां हमेशा एक भव्य आयोजन रही हैं और अब, एक भारतीय परिवार समारोहों पर औसतन 12 लाख रुपये (लगभग 14,500 डॉलर) से अधिक खर्च कर रहा है। जो प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (2,900 डॉलर) का पांच गुना है। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि यह औसत वार्षिक घरेलू आय 4 लाख रुपये से तीन गुना से भी अधिक है। वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज के अनुसार, दुनियाभर में सबसे बड़े विवाह स्थल के रूप में पहचाने जाने वाले देश में हर साल कम से कम 80 लाख से 1 करोड़ शादियां हो रही हैं। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारतीय विवाह बाजार 130 बिलियन डॉलर (लगभग 10 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गया, जो खाद्य और किराना क्षेत्र खुदरा बाजार के कुल 681 बिलियन डॉलर के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का शादी पर खर्च से जीडीपी का अनुपात अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में शादियों का गहरा सांस्कृतिक महत्व है और इसमें बड़े पैमाने पर खर्च होता है, जो अक्सर आय के स्तर से अधिक होता है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वास्तव में, शादी से संबंधित खर्च 130 बिलियन डॉलर का है, जिसमें आभूषण, परिधान, इवेंट मैनेजमेंट, खानपान, मनोरंजन आदि सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। जेफरीज के अनुसार, भारत का विवाह बाज़ार अमेरिका के बाज़ार (70 बिलियन डॉलर) के मुकाबले लगभग दोगुना है, लेकिन चीन का विवाह बाजार (170 बिलियन डॉलर) का है, जिससे भारत का बाजार छोटा है।

### सपाट खुले शेयर बाजार आईटी शेयरों में तेजी

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजारों की शुरुआत बुधवार को सपाट हुई। बाजार में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सुबह 9ः20 तक सेंसेक्स 47 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 78,100 अंक पर और निफ्टी नौ अंक गिरकर 23,711 अंक पर था। बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है। एनएसई में 1044 शेयर हरे निशान में और 980 लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मिलाजुला कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 75 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 55,294 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 41 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 18,284 अंक पर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी और रियलिटी सूचकांकों पर दबाव है। आईटी, ऊर्जा, मीडिया और कमोडिटी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी है। अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टीसीएस में सबसे ज्यादा बढ़त है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और सनफार्मा में सबसे ज्यादा गिरावट रही। जानकारों का कहना है कि बाजार की निगाहें अब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजों पर हैं। उम्मीद की जा रही है कि ऑटोमोबाइल, वित्तीय कंपनियां, कैपिटल गुड्स और टेलीकॉम कंपनियां अच्छे नतीजे पेश करेंगी। हालांकि, एफएमसीजी और आईटी कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी है। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक, सोल और जाकार्ता के बाजार हरे निशान में हैं। हालांकि, शंघाई का बाजार लाल निशान है। अमेरिकी बाजार मंगलवार को मिलेजुले बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क लंदन का ब्रेंट क्रूड 84.64 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 81.25 डॉलर प्रति बैरल पर है।




## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित को बल्लेबाजी करते देखना सपने जैसा : सूर्यकुमार

**ग्रोस आइलेट( एजेंसी ) ।** सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की 41 गेंदों में 92 रन की तूफानी पारी से काफी खुश हैं। रोहित का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। उन्होंने जिस तरह दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ और आक्रामक रवैया अपनाया वह सराहनीय था। पहले ओवर से ही उन्होंने मैदान में चल रही तेज हवा का फायदा उठाया। उनकी पारी ने भारत के लिए एक मजबूत लय स्थापित की, जिससे पावरप्ले के अंत तक टीम एक मजबूत स्थिति में पहुंच गई। सूर्यकुमार यादव ने पारी के ब्रेक के दौरान कहा, यह एक सपने जैसा लगा, उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। यहां आने से पहले हम एक साथ बैठे, हमने इस बारे में बात की कि हम कैसे खेलना चाहते हैं और हम किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं और उन्होंने हमें रास्ता दिखाया। मैच के बाद रोहित ने कहा, मैंने पहले ओवर से ही सोचा था कि तेज हवा बह रही है। उन्होंने अपनी योजना बदली, हवा के विपरीत गेंदबाजी की। इसलिए मुझे लगा कि मुझे ऑफ-साइड पर ज्यादा फोकस करना होगा। रोहित की शानदार पारी और अर्शदीप के महत्वपूर्ण विकेटों की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम ने 27 जून को गुयाना में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच का विजेता दो दिन बाद बारबाडोस में होने वाले खिताबी जंग में पहुंचेगा। भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मजबूत स्कोर बनाया और ऑस्ट्रेलिया की चुनौती को सात विकेट पर 181 रन पर थाम लिया। भारत ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है और इस मैच में उसका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा ने पहली गेंद से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे और उनके द्वारा दिलाई गई शुरुआत के चलते भारत ने एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। दूसरी पारी में मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड भारत के लिए सिरदर्द बने लेकिन कुलदीप के स्पेल ने भारत को वापसी का मौका दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेरे प्रदर्शन का श्रेय बुमराह को : अर्शदीप




**ग्रोस आइलेट( एजेंसी ) ।** भारत की रणनीतिक प्रतिभा और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की क्षमता ने टी20 विश्व कप के सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 24 रन की जीत दिलाई, जिसके बाद तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी का श्रेय जसप्रीत बुमराह को दिया है। अर्शदीप ने पहले ओवर में खतरनाक डेविड वॉर्नर को आउट कर भारत के लिए एक शानदार आगाज किया। इसके बाद डेथ ओवरों में उन्होंने बड़े हिटर टिम डेविड और मैथ्यू वेड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और भारत की जीत की राह आसान की। अर्शदीप ने पहले ओवर में खतरनाक डेविड वॉर्नर को आउट कर भारत के गेंदबाजी आक्रमण की दिशा तय की। डेथ ओवरों में उन्होंने बड़े हिटर टिम डेविड और मैथ्यू वेड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की जीत में बाधा उत्पन्न हुई। अर्शदीप ने इस मैच में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। मैच के बाद उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी और एक टीम के तौर पर हमारा लक्ष्य यही था कि हम परिस्थितियों को समझें। जहां तक हवा की बात है तो हमें पवेलियन के दूसरी जगह स्विंग मिल रही थी, लेकिन दूसरे एंड से हमें हवा के विरुद्ध गेंदबाजी करनी थी। उस समय बल्लेबाज हवा की ओर शॉट लगा रहे थे, क्योंकि वहां पर उनको मदद मिल रही थी। तो हमें वहां पर सुरक्षात्मक विकल्प देखने थे और यहीं हवा ने मैच में अहम भूमिका निभाई। एक समय था जब भारतीय गेंदबाज संघर्ष करते नजर आए लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में टीम इंडिया ने मैच में वापसी की।

## शेयर बाजार की तेजी का असर, म्यूचुअल फंड्स ने दिया औसत 17 प्रतिशत का रिटर्न




**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 अब तक शानदार रहा है। शुरुआती करीब 6 महीनों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स ने 8 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक निफ्टी ने 9 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बाजार में तेजी का असर म्यूचुअल फंड्स स्कीम पर भी दिखा है और निवेशकों को काफी अच्छा रिटर्न मिला है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि देश भर में मौजूद 263 म्यूचुअल फंड स्कीम्स ने 2024 की पहली छमाही (21 जून तक) में करीब 17.67 प्रतिशत का औसत रिटर्न दिया है। रिटर्न देने में मिडकैप और स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड्स काफी आगे रहे हैं। 2024 की शुरुआत से अब तक क्वांट मिडकैप फंड, जेएम मिडकैप फंड, आईटीआई मिडकैप फंड और मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड 30 प्रतिशत से ज्यादा के रिटर्न के साथ टॉप पर है। वहीं, जेएम फ्लेक्सी कैप फंड, क्वांट वैल्यू फंड, क्वांट लार्ज और मिडकैप फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मिडकैप फंड और एलआईसी स्मॉल कैप फंड 27 प्रतिशत से लेकर 29 प्रतिशत के रिटर्न के साथ टॉप 10 में शामिल हैं।

## आगामी बजट में सरकारी वेलफेयर योजनाओं के खर्च में हो सकती है बढ़ोतरी : रिपोर्ट




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्र सरकार को आने वाले बजट में पूंजीगत व्यय और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रकार की आर्थिक मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसकी वजह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को दिया गया लाभांश और टैक्स से आय में इजाफा होना है। यह जानकारी वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट में दी गई। जेफरीज का कहना है कि आने वाले बजट का अफोर्डेबल हाउसिंग, कंज्यूमर कंपनियों, कीमतों को लेकर संवेदनशील उद्योगों और पूंजीगत व्यय से प्रभावित होने वाली कंपनियों पर सकारात्मक असर होगा। हालांकि, आईटी और फार्मा उद्योग पर इस बजट का कोई असर नहीं होगा। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि सरकार के पास अधिक पूंजीगत और सोशल खर्च के लिए 40 से 50 आधार अंक का फाइनेंशियल बफर मौजूद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि बढ़ता हुआ इनकम टैक्स कलेक्शन सरकार को टैक्स में छूट देने की अनुमति देता है। इससे करदाताओं को राहत मिल सकती है। इसके साथ ही खर्च बढ़ने से आर्थिक गति को भी सहारा मिलेगा। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में दिए गए सुझावों में कहा है कि सरकार को शहरी घरों के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम वापस लानी चाहिए। साथ ही पूंजीगत व्यय को 30,000 करोड़ रुपये बढ़ाना चाहिए। जेफरीज ने उम्मीद जताई है कि इस बजट में सरकारी वेलफेयर योजनाओं के खर्च में 50,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की जा सकती है। वहीं, उधारी के लक्ष्य को घटाया जा सकता है। इसके अलावा बजट में एफएंडओ ट्रेडिंग पर नकेल कसी जा सकती है। हालांकि, कैपिटल गेन टैक्स के रिजीम में कोई बदलाव नहीं होने की संभावना है।

## यूटीसीए डोमेस्टिक टूर्नामेंट हुआ शुरु, अभिजीत गर्ग ने दिलाई रोक जोन को दिलाई जीत

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** अभिजीत गर्ग (89) रनों की बदौलत शुरु हुये यूटीसीए डोमेस्टिक टूर्नामेंट के मैन्स सीनियर्स के पहले मैच में रॉक जोन ने रोज जोन पर छह विकेट की दर्ज की। मोहाली स्थित लांचिंग पेड ऐकेडमी में खेले गये इस मैच में रॉक जोन ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। रोज जोन ने तुषार जोशी के 105 रनों के दम पर निरधारित पचास ओवर्स में 298/6 रन बनाये। रमन बिशनौई (48), निखिल शर्मा (44) और नेहाल पजनी (41) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाब में अभिजीत गर्ग के अलावा नाबाद निपुण शारदा (61), मनदीप सिंह (58) और गौरव पुरी (52) ने भी अर्धशतक जड़े और टीम को 50वे ओवर में जीत दिलाई। वहीं दूसरी ओर सेक्टर 36 स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल में खेले गये वूमैन्स सीनियर्स टी 20 के पहले मुकाबले में नाबाद ट्विंकल ठाकुर की 64 रनों की पारी ने टेरेस जोन को रोक जोन के विरुद्ध 28 रनों की जीत दिलवाई। टेरेस जोन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 155/2 रन बनाये जिसमें ट्विंकल के अलावा नीकिता नैन (45) और सराह महाजन (26) का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा। जवाब में कप्तान ज्योति (4/22) की घातक गेंदबाजी ने रॉक जोन को 127/7 पर रोका। रोक जोन की ओर से ट्विंकल पाठक ने सर्वाधिक 47 रन जुटाये। दिन के दूसरे मैच में सुखना जोन ने प्लाजा जोन को एकतरफा मुकाबले में 78 रनों से मात दी। सुखना जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 159/5 रना बनाये जिसमें कप्तान अराधना बिष्ट ने पचास रन बनाये। भावना राठौड़ ने नाबाद 25 रन बनाये। जवाब में प्लाजा जोन 81/9 रन की जुटा पाई। कप्तान नंदिनी शर्मा ने 26 रन बनाकर टीम के सर्वाधिक स्कोर खड़ा किया। प्रियंका, मनीशा बधन और भावना राठौड़ ने दो दो विकेट चटकाये। वहीं दूसरी सेक्टर 45 स्थित सेंट स्टीफंस स्कूल ने गर्ल्स अंडर 19 के टी20 मुकाबले करवाये गये। यहां दिन के पहले मैच में रॉक जोन ने टेरेस जोन पर 43 रनों की जीत दर्ज की। रॉक जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये कप्तान गुलनाज ग्रेवाल (83) और सिमरप्रीत कौर (58) की मदद से 164/2 रन बनाये। जवाब में टेरेस जोन 121/8 रन ही जुटा पाई।

## एचडीएफसी बैंक ने एमएसएमई को विशेष ज्ञान सत्रों (विशेष नालेज सेशन) के साथ सशक्त बनाया

**मुंबई :** विश्व एमएसएमई दिवस से पहले आज भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में व्यवसायों को प्रोत्साहन दिया जा सके। अभियान का उद्देश्य विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं, एमएसएमई के लिए सरकारी नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना और उन्हें अपने व्यापारिक व्यवहार में डिजिटलीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के हिस्से के रूप में, बैंक कार्यशील पूंजी ऋण, व्यवसाय ऋण, व्यवसाय कार्ड, व्यापार सेवाओं और दुकानदार ओवरड्राफ्ट पर कई तरह के ऑफर प्रदान करेगा। बैंक एचडीएफसी स्काई, एचडीएफसी एर्गो, निवा बूपा जनरल इंश्योरेंस, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस और आदित्य बिरला जनरल इंश्योरेंस सहित अन्य के साथ साझेदारी में वर्चुअल और ऑन-द-ग्राउंड नॉलेज सेशन भी चलाएगा। व्यवसायों के डिजिटल परिवर्तन पर आधारित ये सत्र निम्नलिखित 15 शहरों इंदौर, सूरत, रुड़की, नासिक, लुधियाना, रायपुर, देहरादून, कोयंबटूर, वाराणसी, विजाग, पटना, नागपुर, कानपुर, हुबली और गुवाहाटी में होंगे, जहां 1,000 से अधिक छोटे और मध्यम व्यवसायों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर, बैंक ने एमएसएमई को अपने बैंकिंग पार्टनर के रूप में एचडीएफसी बैंक पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद देते हुए एक विशेष फिल्म जारी की है। एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख - वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग (सीआरबी) श्री राहुल श्याम शुक्ला ने कहा, ऋएमएसएमई उद्यमी अपनी दृढ़ता और उद्यम के माध्यम से भारत की आर्थिक वृद्धि को आकार देने में एक मजबूत भूमिका निभाते हैं। एचडीएफसी बैंक जीडीपी, निर्यात और सबसे महत्वपूर्ण रूप से रोजगार सृजन में उनके योगदान को मान्यता देता है। सूचना तक पहुँच की कमी के कारण बड़ी संख्या में सूक्ष्म उद्यम ऋण के लिए पात्र होने के बावजूद ऋण के लिए आवेदन नहीं करते हैं। हम 700 से अधिक जिलों में सेवाएँ प्रदान करके, विभिन्न सरकारी योजनाओं पर शिक्षा प्रदान करके और फर्म के आकार, मूल्य वर्धित, व्यापार ऋण तक पहुँच जैसे सामान्य मूल्यांकन मानदंडों से परे जाकर एमएसएमई की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करना जारी रखते हैं।

ताकि उनकी ज़रूरतों को विशेष रूप से पूरा किया जा सके। 31 मार्च, 2024 तक, बैंक का वितरण नेटवर्क 4,065 शहरों/कस्बों में 8,738 शाखाओं और 20,938 एटीएम पर है। कुल 52 प्रतिशत शाखाएँ अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, इसके साथ ही 15,182 व्यवसाय करेस्पोंडेंट्स हैं, जो मुख्य रूप से कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा संचालित हैं।

## आरडी बर्मन के साथ फिर से संगीतमय हो जाएं : एयरटेल डीटीएच का उनके जन्मदिन पर विशेष कलेक्शन स्ट्रीम

**नई दिल्ली।** एयरटेल, प्रसिद्ध संगीतकार आर.डी. बर्मन को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दे रहा है। आर.डी. बर्मन बॉलीवुड संगीत में एक ऐसे महत्वपूर्ण शख्सियत है जिन्होंने अपने अनोखे संगीत से कई बेहतरीन गाने बनाये जो आज भी लोगों की पसंद है। एयरटेल डीटीएच उनकी समृद्ध विरासत के सम्मान में, बॉली रेट्रो चैनल पर आरडी बर्मन के सबसे अधिक हिट गानों को पूरे दिन बिना विज्ञापन के स्ट्रीम करेगा। दम मारो दम, चुरा लिया है तुमने जो दिल को, महबूबा महबूबा, जैसे बेहतरीन गानों के जादू में एक बार फिर से खो जाने के लिए ट्यून इन करें। चाहे आप लंबे समय से उनके प्रशंसक हों या पहली बार उनके संगीत को सुन रहे हों, यह उत्सव निश्चित रूप से आपके हृदय और आत्मा को सराबोर कर देगा। आरडी बर्मन बर्मन की संगीत प्रतिभा का जश्न मनाने के लिए हमारे साथ जुड़ें और अविस्मरणीय धुनों से भरे पूरे दिन का आनंद लें। केवल एयरटेल डीटीएच के बॉली रेट्रो चैनल पर आयोजित इस संगीत महोत्सव में शामिल होने से न चूकें।

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024



**रायपुर प्रेस क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर प्रेस क्लब एवं श्री बालाजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29.06.2024 को दिन शनिवार, समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक, स्थान स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन, मोतीबाग में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे एवं ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित इस शिविर का लाभ लेने अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### युगल किशोर अपेक्स बैंक के महाप्रबंधक नियुक्त, राज्य शासन से प्रतिनियुक्ति आदेश जारी



**नवा रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग के आदेश क्रमांक एफ 02-02/ 2024/15-1 दिनाँक 24.06.2024 के तहत श्री युगल किशोर उप आयुक्त सहकारिता कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाए छत्तीसगढ़ को प्रतिनियुक्ति पर महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में पदस्थ किया गया। जिसके परिपालन में आज दिनाँक 27.06.2024 को श्री युगल किशोर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक( अपेक्स बैंक ) में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया गया।

### राज्यपाल से एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियन श्रीमंत झा ने की मुलाकात की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल विजेता श्री श्रीमंत झा ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने उनकी उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि श्री श्रीमंत ने देश एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। राज्यपाल ने उन्हें मेडल पहनाया और बधाई दी साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पैरा-आर्म पहलवान श्रीमंत झा ने उज्बेकिस्तान में आयोजित एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग चैपियनशिप 2024 में 85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता साथ ही माल्डोवा (यूरोप) में आयोजित होने वाले आगामी वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए हैं।

### छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में गर्मी के मद्देनजर पूल पार्टी का किया गया आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में स्कूल खुलने के दूसरे ही दिन गर्मी को मद्देनजर रखते हुए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों सी बीच लुक में नजर आए। इस उपलक्ष में स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राएं एवं श्रीमती पिंकी कर्मकार मैंम, श्रीमती देवांगन मैंम, मिस जाना मैंम, मिस देवांगन मैंम, मिस साहू मैंम एवं प्राचार्या श्रीमती अपर्णा कर्मकार मौजूद रही।

### श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का उद्घाटन समारोह, मंदिर परिसर में विशेष पूजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावपतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 27 जून 2024 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ मंदिर परिसर में विशेष पूजन कर किया गया। इस विशेष पूजन में यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सनातन संस्कृति की परम्परा का निर्वहन करते हुए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ प्रातः गणेश जी और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की वंदना से किया। इस महतवपूर्ण शैक्षणिक सत्र के क्षण में डीन एकेडेमिक प्रोफेसर आर.आर.एल बिराली एवं सभी डीन, विभागा अध्यक्ष, प्रोफेसर एवं छात्र- छात्राएं विशेष पूजन में शामिल हुए और आशीर्वाद प्रपात किया। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस. के. सिंह ने नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों और उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य शुभकामनाए दी।

## सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम जरूरी : मुख्य सचिव अमिताभ जैन



**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिलों के कलेक्टर्स से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़कों पर आवारा पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की आज बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावाड़ा के कारण हो रही दुर्घटनाओं के चिन्हांकित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सड़कों पर आने वाले पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में समुचित व्यवस्था के साथ रखा जाए। चिन्हांकित मार्गो पर पशु हटाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने कहा है कि सड़कों पर आवारा अथवा पालतु पशुओं के पाए जाने पर उन्हें हटाने के लिए एक निश्चित व्यवस्था की जाए। बैठक में विभिन्न जिलों के कलेक्टर ने बताया कि सड़कों पर पशुओं को आने से रोकने के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से कार्यवाही की जा रही है तथा सड़कों पर पशु पाए जाने पर उन्हें गौशालाओं में रखा जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हाईवे एडवांस ट्रॉफिक मेनेजमेंट सिस्टम को तैयार किया जा रहा है। इसी तरह से पुलिस विभाग द्वारा सड़कों पर पेट्रोलिंग की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, नगरीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजू एस., लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

## 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में जाएंगे 29 करोड़ से अधिक

### श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रम कल्याण कारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के श्रम मंत्री सह अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में 29 करोड़ से अधिक की राशि जमा होगी। श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिक परिवारों को मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की भी मंशा है कि श्रम विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिले। इस दिशा में श्रम विभाग ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने दो दिन तक सभी जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर एक-एक योजना की समीक्षा की थी। श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को मिले। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को जल्द राशि जारी करने के निर्देश भी दिए थे। श्रम मंत्री की विशेष पहल पर अलग अलग 6 योजनाओं को लाभ श्रमिकों को मिलने जा रहा है।

महतारी जतन योजना के तहत प्रदेश के पंजीकृत 6210 महिला श्रमिकों के खाते में 20-20 हजार की राशि दी जाएगी। महतारी जतन योजना में पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के प्रथम दो बच्चों के प्रसव के लिए एकमुश्त राशि दी जाती है।

## मनुष्य का जीवो के प्रति मैत्री का भाव होना चाहिए एवं सभी जीवों के कल्याण की भावना होनी चाहिए : सौभाग्यमती माताजी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत गौरव विदुषी गणनी वागड़ केसरी आर्यिका रत्न 105 श्री सौभाग्यमती माताजी, आर्यिका शिक्षामति माताजी, आर्यिका संक्षेपमति माताजी, क्षुल्लिका समक्षमति माताजी, क्षुल्लिका साक्षातमति माताजी ससंध श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ में विराजित है मंदिर के नरेंद्र जैन (मैनेजिंग ट्रस्टी), यशवंत जैन (अध्यक्ष), सुजीत जैन (सचिव), दिलीप जैन (कोषाध्यक्ष) ने जानकारी दी, माताजी ने सातवे दिवस में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीपप्रवज्लन, शास्त्र एवं श्रीफल भेट श्रद्धेय जैन, नीरज जैन, विजय जैन, महावीर जैन, चंद्रेश जैन एवं महिला मंडल के द्वारा किया गया तत्पश्चात माता जी ने मांगलिक प्रवचन में कहा कि भावनाये चार है मैत्री भावना, प्रमोद भावना, करुणा भावना और माध्यस्थ भावना, सभी जीवो के प्रति मित्रता का भाव होना चाहिए, हम भगवान को सुनाते है पर भगवान की जगह अपने आप को सुनना चाहिए भगवान को सुनाने से कल्याण नहीं जीवो के प्रति माध्यस्थ भाव के साथ परिणाम अच्छे रख कर श्रावक धर्म का पालन करना चाहिए ) आज के आहार लाभार्थी श्री शांतिनाथ वेदी भक्त मंडल परिवार मालवीय रोड एवं श्री प्रदीप कुमार, प्रियेश, प्रसंग जैन देनिक विश्व परिवार बने। संघ के दैनिक चर्या अनुसार प्रातः 8:30 प्रवचन, 9:30 आहार चर्या, रात्रि 7 बजे आरती, प्रश्नोतरी 7:30 आनंद यात्रा के समस्त पारातोषिक (आशीष अनुप जैन, रवि जैन पंडरी) द्वारा प्रदान किए जाते है, आपसे निवेदन अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे। **-लोकेश चंद्रकांत जैन**

## जयका आटोमोबाईल्स ने हैवी कॉमर्शियल व्हीकल्स ट्रक-कंस्ट्रक श्रेणी में शानदार मार्केट शेयर अवॉर्ड जीता




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने डीलरशिप जयका ऑटोमोबाइल्स एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने 14 जून को फाडा से नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2024 जीतने के एक दिन बाद 15 जून को नई दिल्ली में आयोजित टाटा मोटर्स के नेशनल डीलर कांफ्रेंस-2023-24 में हैवी कॉमर्शियल व्हीकल्स ट्रक-कंस्ट्रक में शानदार मार्केट शेयर नेशनल अवार्ड जीत कर जयका ग्रुप 70 साल यानी जे70 उत्सव को बहुत खास और आनंदमय बना दिया है। जयका ग्रुप के चेयरमैन श्री प्रफुल्ल के. काले (कुमार काले) जी ने टाटा मोटर्स लि. अध्यक्ष श्री गिरीश वाघ जी से पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल (कुमार) काले जी ने जयका ऑटोमोबाइल्स के सभी कर्मचारियों को बधाई दी। जायका ऑटोमोबाइल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रोहित काले जी ने पुरस्कार का श्रेय जयका के सीनियर सेल्स जीएम श्री सुशील त्रिपाठी और उनकी सेल्स टीम को दिया और अपने समस्त ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए आगे और अच्छी गुणवत्ता से सेवा प्रदान करते हुए नई ऊंचाई छूने का विश्वास जताया है।

## डीआरटी के आदेश पर कोर्ट कमिश्नर ने बैंक ऑफ बड़ौदा में गिरवी रखी संपत्ति जब्त कर ली है



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** डीआरटी, जबलपुर ने केस नंबर 266/2019, बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम मेस्सेर्स गुप्ता हैवि लिफ़्टर्स और अन्य एवं केस नंबर 93/2020, बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम मेस्सेर्स जैन मूवर्स और अन्य में बैंक ऑफ बड़ौदा के 9 साल पुराने एनपीए मामले में संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं।

9 साल पुराने एनपीए खाते में डिफॉल्टर की गिरवी संपत्तियों को डीआरटी, जबलपुर और कोर्ट कमिश्नर महेश पांडे एडवोकेट द्वारा सुश्री प्रीति देसाई और श्री वात्सल्य कुमार, वसूली अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर (एमपी और सीजी) के आदेश पर कुर्क किया गया है।

उक्त संपत्ति का मूल्यांकन बैंक के सूचीबद्ध मूल्यांकक श्री अजय एस नगले द्वारा उनकी मूल्यांकन रिपोर्ट दिनांक 05.06.2020 के अनुसार किया गया था और बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी, मूल्यांकक के साथ थे। ये संपत्तियां फार्म हाउस भूमि एवं इमारत जिसका प्लॉट नंबर 4 एवं 8 क्षेत्रफल 8096 वर्ग मीटर, प्लॉट नंबर 21 क्षेत्रफल 1.00 एकड़, प्लॉट नंबर 5 क्षेत्रफल 1.00 एकड़ और प्लाट 22 क्षेत्रफल 1.16 एकड़ ग्राम डगनिया, तहसील थाना गुंडरदेही जिला बालोद सीजी में स्थित है, जिसमें सभी इमारतें और संरचनाएं शामिल हैं, और जमीन से जुड़ी या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़ी हुई प्लांट और मशीनरी। डीआरटी के आदेश पर गुंडरदेही थाना पुलिस की मदद से संपत्ति कुर्क कर ली गई। तहसील गुंडरदेही जिला बालोद संपत्ति का ऑन-द-स्पॉट मूल्यांकन किया गया। जल्द ही संपत्तियों को बेचकर बैंक की बकाया रकम वसूल की जाएगी।

कोर्ट कमिश्नर श्री महेश पांडे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई डीआरटी जबलपुर के वसूली अधिकारी के आदेश पर और जानबूझकर बैंक का पैसा नहीं चुकाने वाले बकाएदारों पर की गई है, उनकी चल-अचल संपत्ति और उनकी कुर्की की कार्रवाई की गई है. विक्रय सहित गिरफ्तारी एवं सिविल जेल की कार्यवाही की जाती है। डीआरटी अब जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों और उनके गारंटरों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने जा रही है और अगर आप इस अप्रिय स्थिति से बचना चाहते हैं तो तुरंत अपनी नजदीकी शाखा से संपर्क करें और अपनी समस्या या निपटान पर चर्चा करें।

## छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के काम-काज की समीक्षा हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला आज से

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भरतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-9, जबलपुर के अन्तर्गत आने वाले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28 से 30 जून, 2024 तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कल 28 जून, 2024 को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. रंजय के. सिंह एवं कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-9, जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि इस तिन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विगत वर्ष किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा तथा अगामी वर्ष की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## संचालक मंडल की बैठक में हुए निर्णय, आरडीए के ऑन लाईन पेमेन्ट की शुरुआत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर विकास प्राधिकरण के इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासी अब जलशुल्क का भुगतान ऑनलाईन कर सकेगें। आवास एवं पर्यावरण की सचिव सुश्री आर. शंगीता की उपस्थिति में आज इसका प्राधिकरण कार्यालय में शुभारंभ किया गया। इससे अब इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासियों को जलशुल्क जमा करने के लिए प्राधिकरण कार्यालय आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसका भुगतान रायपुर विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड अनुसार दिए गए मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन करने के उपरांत किया जा सकेगा। राशि का भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई से किया जा सकेगा।

रायपुर विकास प्राधिकरण में आज संचालक मंडल की बैठक हुई। इसमें देवेन्द्रनगर स्थित सिटी सेन्टर मॉल के पीछे एकता मॉल निर्माण के लिए निविदित दर स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के सेक्टर 1, 2, 8ए, 8बी, 10, 11बी, 14ए एवं 14बी में 253 दो बीएचके ईडब्लूएस फ्लैट्स तथा रो हाऊस निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट (डीबार) करने का निर्देश दिया गया। बैठक में ठेकेदार की रिस्क एंड कॉस्ट पर शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए न्यूनतम निविदा राशि 14.125 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हुए नई निर्माण एजेंसी को नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया।

प्राधिकरण कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता रायपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव सुश्री आर. शंगीता ने की। बैठक में जिस पीएम एक्ता माल के निर्माण एजेंसी की नियुक्ति को स्वीकृति दी गई वह देवेन्द्रनगर के छत्तीसगढ़ हॉट के स्थान पर निर्मित होगा। पीएम एकता मॉल में सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होगीं तथा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होगीं। पीएम एकता मॉल का सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 4, 73, 392 वर्गफुट तथा निर्माण लागत रुपए 150.70 लाख रुपए होगी। एक अन्य प्रस्ताव में संचालक मंडल को जानकारी दी गई कि राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो व्दारा पूर्व के एक प्रकरण क्रमांक 17/95 में वाद दायर करने के कारण शैलेंद्र नगर योजना के 178 भूखंडधारियों की नस्तियों जप्त की गई थी। ऐसे प्रभावित गत 25 वर्षों से अपनी आवंटित संपत्तियों को विक्रय, हस्तांतरित नही कर पा रहे थे। राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो के प्रकरण का न्यायालय में खात्मा होन के बाद अब प्रभावित भूखंडधारियों को फ्री होल्ड व विक्रय अनुमति को दी जा सकेगा। इससे प्रभावित लोगों का काफी राहत मिलेगी।

आज हुई संचालक मंडल की बैठक में वित्त विभाग के संयुक्त सचिव श्री सीताराम तिवारी, आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त सचिव श्री सी तिर्की, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अपर संचालक श्रीं संदीप बागड़े, कलेक्टोरेट के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, नगर पालिक निगम के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश से सहायक संचालक श्री ऐश्वर्य जायसवाल, लोक निर्माण विभाग से कार्यपालन अभियंता श्री यू.डी. मेश्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अधीक्षण अभियंता श्री एस. के. गौड़, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर से कार्यपालन अभियंता श्री आशीष अग्निहोत्री, वन विभाग रायपुर से मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चौबे तथा रायपुर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थी।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354